26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : रविवार, 15 फरवरी, 2026

अंक- 113 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# देशभर में गूंजा हर-हर महादेव

## काशी-उज्जैन में उमड़ा आस्था का सैलाब, देवघर में भारत की जीत की दुआ

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** हर-हर महादेव के उद्घोष और भक्ति के असीम उत्साह के साथ आज पूरे देश में महाशिवरात्रि का पावन पर्व मनाया जा रहा है। काशी से लेकर हरिद्वार और देवघर से लेकर उज्जैन तक, शिवालयों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है। भक्त अपने आराध्य देव के दर्शन और जलाभिषेक के लिए घंटों लंबी कतारों में लगे हैं। इस बार की शिवरात्रि इसलिए भी खास है क्योंकि देवघर में भक्तों ने भगवान शिव से भारत-पाकिस्तान मैच में जीत की दुआ भी मांगी है। धर्मनगरी हरिद्वार में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा हुआ है। विशेष रूप से कनखल स्थित दक्षेश्वर महादेव मंदिर, जिसे भगवान शिव की ससुराल माना जाता है, वहां श्रद्धालु सुबह 4 बजे से ही लंबी लाइनों में खड़े हैं। मान्यता है कि इसी दिन महादेव और माता पार्वती का विवाह हुआ था। वाराणसी के बाबा काशी विश्वनाथ मंदिर में आस्था का भव्य नजारा देखने को मिल रहा है। मंदिर ट्रस्ट के सीईओ विश्व भूषण मिश्रा के अनुसार, सुबह तक ही 1.6 लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं और यह संख्या 10 लाख तक पहुंचने की उम्मीद है। यहां श्रद्धालुओं पर फूलों की वर्षा की गई। संगम नगरी प्रयागराज में महाशिवरात्रि के साथ ही माघ मेले का अंतिम स्नान पर्व मनाया जा रहा है। माघ मेला अधिकारी ऋषि राज के अनुसार, अब तक लगभग 10 लाख श्रद्धालुओं ने पवित्र संगम में आस्था की डुबकी लगाई है। स्नान के बाद भक्त मनकामेश्वर मंदिर में महादेव की विशेष पूजा-अर्चना कर रहे हैं। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने महाकाल की नगरी उज्जैन सहित पूरे देश को महाशिवरात्रि की बधाई दी। उन्होंने कामना की कि भगवान महादेव का आशीर्वाद सभी पर बना रहे।

THE BUYZAAR MART

एक लाभदायक किराना फ्रेंचाइज़ शुरू करें

योग्यता:
कम से कम 600 वर्ग फीट जगह (अपनी या किराए की)

हर महीने ₹2 लाख तक कमाएँ

- भरोसेमंद रिटेल ब्रांड
- पूरी फ्रेंचाइज़ सहायता
- टेक्नोलॉजी आधारित बिज़नेस मॉडल

अभी आवेदन करें

फ्रेंचाइज़ी के लिए किसी को रेफर करें और ₹1 लाख तक कमाएँ

thebuyzaarmart.com info@thebuyzaarmart.com +91-9311939161



तुरन्त आवश्यकता

इंडस्ट्रियल एरिया, बिजनौर स्थित फैक्ट्री के लिये

➤अलमीरा कारीगर- 10

➤पार्टिकल बोर्ड के लिये कारपेंटर-4

➤सुपरवाइजर मशीन चलाने हेतु- 2

सम्पर्क करें- मो. 7017517607, 9389076177

Bachpan

SPROUT CURRICULUM

TAP YOUR CHILD'S FULL POTENTIAL WITH BACHPAN PLAY SCHOOL




ADMISSIONS OPEN

PLAY GROUP | NURSERY | LKG | UKG

35K+ Hrs. of Curriculum Research | 20+ Years of Expertise | Crafted by Leading Education Experts

Address: Shree Dayaram Treaders Chandpur Road, Near Kohinoor Banquet Hall, Bijnor (U.P.)

Mob.: 7455025144

Email Id :- chandpur3678@bachpangbbal.com

बिजनौर जनपद में

एक मात्र CEAT TYRE STOP

कोई भी रोड, कोई भी लोड

ट्रैक्टर, कार, मोटर साईकिल, स्कूटर लेटेस्ट मशीन द्वारा एक्यूरेसी कार के लिये अलाईनमेन्ट, बैलेंसिंग टायर फिटिंग एवं नाइट्रोजन





ON-THE-SPOT CLAIM RESOLUTION | UNCONDITIONAL WARRANTY * | COMPUTERISED TYRE SERVICE

Authorised Dealer : CEAT Ltd.

*नियम व शर्तें लागू

KHANNA MOTORS & DIESEL ENGINEERING WORKS

नगीना रोड, ऐश्वर्य होटल के सामने जी.के. मार्केट, बिजनौर

मो. 9149075426, 9760110452 फोन. 01342-263312

आवश्यकता है- अनुभवी, कुशल युवक की

आकर्षक वेतन योग्यतानुसार।

## आज हर गेंद लिखेगी एक नया इतिहास

### भारत-पाक मैच में हर ओवर बढ़ायेगा धड़कन

**कोलंबो (एजेंसी/चिंगारी)।** भारत बनाम पाकिस्तान, यह सिर्फ एक मैच नहीं, भावनाओं का ज्वालामुखी है। जब मंच टी20 विश्वकप का हो, तो हर गेंद इतिहास लिखती है और हर ओवर दिल की धड़कनों को बढ़ा देता है। फॉर्म, रणनीति, दबाव, और करोड़ों उम्मीदों के बीच जीत अक्सर उन छोटे-छोटे मैच-अप्स से निकलती है, जिन्हें कोचिंग स्टाफ महीनों डेटा में तलाशता है। आधुनिक टी20 क्रिकेट में आंकड़ों की भूमिका बेहद अहम हो चुकी है। कोलंबो की धीमी पिच, स्पिन की पकड़ और बड़े मैच का भार, इन सबके बीच कुछ खिलाड़ी आमने-सामने होंगे, और वहीं से तय हो सकता है कि बाजी किसके हाथ जाएगी।

सम्बंधित खबर पेज-11 पर

# ‘अमन त्यागी से शादी करा दो भोलेनाथ, कांवड़ लाऊंगी !’

## रोज करती हूं भोलेनाथ की पूजा, मुस्लिम त्यौहार भी मनाती हूं

**बिजनौर ( चिंगारी )। बुर्के में हरिद्वार से कांवड़ लाकर चर्चा का विषय बनी तमन्ना मलिक उर्फ तुलसी त्यागी ने पत्रकारों को बताया कि उसे अपने गांव के अमन त्यागी से प्यार हो गया था। मजहब की दीवार उनकी शादी में बाधा बनी हुई थी। तब उसने मन्नत मांगी थी- हे भोलेनाथ! अमन त्यागी से शादी करा दो, कांवड़ लाऊंगी।**

तमन्ना की तमन्ना पूरी हुई, तीन साल पहले अमन त्यागी से उसकी शादी हो गई। अब उसके दो बच्चे (बेटे) हैं। शादी के बाद तमन्ना ने अपना नाम तुलसी रख लिया। उसका कहना है भोलेनाथ की कृपा से उनकी जिन्दगी में सब कुछ अच्छा चल रहा है। भोलेनाथ ने उसकी हर तमन्ना पूरी की है, इसलिये वह पूरी श्रद्धा के साथ कांवड़ लेकर आई। अब वह बहुत अच्छा फील कर रही है। तमन्ना का कहना है कि मुझे इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि लोग मेरे बारे में क्या कहते हैं, मेरे लिये मेरा परिवार और पति सब कुछ हैं। मेरे पति अमन त्यागी मुझे बुर्का पहनने से मना नहीं करते।



### क्षेमनाथ तीर्थ में जलाभिषेक किया

हरिद्वार से संभल तक की पैदल तीर्थयात्रा करके तमन्ना मलिक उर्फ तुलसी त्यागी ने आज शुभ मुहूर्त में संभल के क्षेमनाथ तीर्थ में शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। इस अवसर पर तमन्ना की सुरक्षा के लिये भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

### योगी जी जिंदाबाद!

पत्रकारों से बातचीत में तमन्ना मलिक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए योगी जिंदाबाद, भोलेनाथ की जय हो नारे लगाये। तमन्ना ने कहा कि योगी जी बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। यह पूछे जाने पर कि योगी आदित्यनाथ एक सम्प्रदाय विशेष के लोगों के ठिकानों और धर्मस्थलों पर बुलडोजर चला रहे हैं, तमन्ना ने कहा किसने कहा था अवैध निर्माण करने को। योगी जी ठीक कर रहे हैं। मस्जिद हो या मदरसा, अगर गलत ढंग से बना है तो उसे गिराना गलत नहीं है। मोल-खरीद करके बनाते तो ये नौबत नहीं आती।

### हमेशा योगी जी ही मुख्यमंत्री रहें!

तमन्ना मलिक अपने बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित नजर आईं। उनका कहना है कि अभी तो योगीराज में सब ठीक चल रहा है, लेकिन जब योगी जी नहीं होंगे, तब उनके बच्चों का क्या होगा। ये कैसे पढ़े-लिखेंगे। लोग जीना हराम कर देंगे। मैं दिन रात यही दुआ करती हूं कि योगी जी हमेशा मुख्यमंत्री रहें।



# चौरासी घंटा मंदिर की ओर से निकाली गई भव्य शोभायात्रा




**बिजनौर ( चिंगारी )। चौरासी घंटा मंदिर की ओर से आज नगर में भव्य शोभायात्रा निकालकर शिवभक्तों को हरिद्वार से लाया गया पवित्र गंगाजल वितरित किया गया। मंदिर समिति की ओर से पिछले 26 वर्षों से गंगाजल वितरण का आयोजन किया जा रहा है। शोभायात्रा मंदिर से शुरू हुई और परंपरागत मार्ग से होते हुए वापस मंदिर पर ही सम्पन्न हुई। शोभायात्रा में अनेक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। नवाब का अहाता निवासी मूलचंद सैनी द्वारा भोलेनाथ की झांकी और अरूण कुमार की केदारनाथ की झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। मंदिर में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। मंदिर समिति की ओर से अध्यक्ष दीपक अग्रवाल बेसन वाले, अरविंद अग्रवाल वैरायटी पैलेस, शिवकुमार गुप्ता, मा. अनिल कुमार, कुलदीप मावे वाले, प्रभात अग्रवाल, संजीव गुप्ता, अमित सचदेवा, दीपक मावे वाले आदि ने व्यवस्था में सहयोग किया।**

# विधायक हाजी तसलीम ने हरिद्वार बाईपास को जल्दी बनाने को पत्र सौंपा

नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद विधायक हाजी तसलीम अहमद ने विधानसभा क्षेत्र नजीबाबाद के प्रमुख मार्ग आजाद चौक हरिद्वार बाईपास, बड़िया में मालन नदी के पुल व अभिपुरा सैदपुरी मार्ग के निर्माण की स्वीकृति के लिए एक बार फिर लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव अजय चौहान से मुलाकात की। उन्होंने निवेदन किया है कि आजाद चौक बाईपास मार्ग की हालत अत्यंत खराब हो चुकी है। इस मार्ग से आवागमन करने वाले लोग चोटिल हो रहे हैं, वाहन क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। मार्ग पर गहरे-गहरे गड्ढे हो चुके हैं। इस मार्ग का निर्माण अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रमुख सचिव ने बताया कि इस मार्ग के निर्माण हेतु लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड 2 नजीबाबाद द्वारा स्टीमेट प्राप्त हो चुका है। उन्होंने जल्द ही इस मार्ग के चौड़ीकरण के निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने का आश्वासन दिया है। इसके साथ ही बड़िया क्षेत्र में सिख समाज की कार सेवा द्वारा बनाया गया दशकों पुराना मालन नदी का पुल (जो की जर्जर अवस्था में पहुंच चुका है) उसको भी जल्द स्वीकृत करने की बात कही है।



पीडब्ल्यूडी के प्रमुख सचिव अजय चौहान को पत्र सौंपते विधायक हाजी तसलीम अहमद।

# समावेशी शिक्षा के अधिकार व उत्तरदायित्व के संबंध में बताया

नजीबाबाद (चिंगारी)। बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की शिक्षा व्यवस्था के लिए नोडल शिक्षकों को प्रशिक्षित किये जाने के उद्देश्य से प्रशिक्षण आयोजित किया गया। बीआरसी नजीबाबाद पर पांच दिवसीय समावेशी शिक्षा के अधिकार एवं उत्तरदायित्व के संबंध में बताया गया। प्रशिक्षक उपासना ने विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिये अनुकूलित शारीरिक शिक्षा, अनुकूलित खेल तथा योग के संबंध में बताया, रणजीत यादव, नाजिम खान ने दिव्यांगता के प्रकार तथा उनकी पहचान के संबंध में आवश्यक जानकारी दी। पूर्व बीआरसी मोबीन हसन की उपस्थिति में आयोजित प्रशिक्षण में दीपक महेंद्र, हिमानी चौधरी, दीपाली शर्मा, गरिमा यादव, नितिन कुमार, नौबहार, अमित चौधरी, किरण पाल सहित सौ प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।



नोडल शिक्षकों को प्रशिक्षित किये जाने को प्रशिक्षण देते हुए।

# मिस मौ. अली जौहर चुनी गई अनम को सम्मानित किया



छात्रा अनम को ताज पहनाकर सम्मानित करती प्रधानाचार्या।

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला रम्पुरा स्थित मौहम्मद अली जौहर गर्ल्स इंटर कॉलेज में कक्षा 12 की छात्राओं को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ विदाई दी गई। इस मौके पर अनम परवीन को मिस मौ. अली जौहर घोषित किया गया। प्रधानाचार्या ज्योति शर्मा की देखरेख में आयोजित कार्यक्रम में कक्षा 12 की छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की कामना के साथ विदाई दी गई। कक्षा 11 की छात्राओं ने सीनियर छात्राओं के सम्मान में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। प्रधानाचार्या ज्योति शर्मा के निर्देशन में कार्यक्रम में छात्रा अनम परवीन को सर्वसम्मति से मिस मौहम्मद अली जौहर चुनकर प्रधानाचार्या ने उसे ताज पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर शिक्षिकाओं फरहा, शगुफ्ता रहमान, गुलिस्ता, फौजिया, रूबी सहित कॉलेज स्टाफ मौजूद रहा।


# गलत जांच रिपोर्ट लगाने वालों पर दर्ज हो एफआईआर- योगी



**गोरखपुर (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये हैं कि किसी मामले में जांच के दौरान यदि गलत रिपोर्ट लगाई जाती है तो संबंधित के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाए। योगी ने शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए प्रशासन व पुलिस के अफसरों को निर्देश दिया कि हर मामले की निष्पक्ष जांच करके ही उसका निस्तारण होना चाहिए। किसी भी प्रकरण में लापरवाही या शिथिलता अक्षम्य होगी। गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 150 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। योगी ने सभी को आश्वस्त किया कि किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का वह प्रभावी निस्तारण कराएंगे। इसे लेकर उन्होंने प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों को मौके पर ही दोटूक समझाया कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। जनता दर्शन में कुछ मामले ऐसे भी आए थे, जिनमें यह शिकायत की गई कि प्रकरण में गलत रिपोर्ट लगा दी गई है। इस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि पता लगाकर गलत रिपोर्ट लगाने वाले के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाए।

# दिल्ली गैस चैंबर बन गई है...

उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में कल्याण मंडपम के लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के मुद्दों पर खासतौर से बल दिया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आज के दौर में दुनिया की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक पर्यावरण का बिगड़ता संतुलन है, जिसे तुरंत सुधारने की जरूरत है। उन्होंने दिल्ली के एयर पॉल्यूशन को लेकर भी टिप्पणी की है। मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की कि वे अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखें और कहीं भी गंदगी फैलाने से बचें। उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक के साइड इफेक्ट्स को उजागर करते हुए कहा कि इसे नालियों या सड़कों पर न फेंकना चाहिए। उनका कहना था कि छोटी-छोटी अनदेखी फ्यूचर में बड़े पर्यावरणीय संकट को जन्म देती है। उन्होंने दिल्ली की एयर क्वालिटी का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां की हवा इतनी प्रदूषित हो चुकी है कि जैसे गैस चैंबर हो, जहां सांस लेना कठिन है और आंखों में जलन होती है। अस्थमा के मरीजों, बुजुर्गों और बच्चों को उन्होंने सलाह दी कि वे बाहर निकलने से बचें जब तक आवश्यक न हो।



# महाशिवरात्रि

# अंधकार से आत्मबोध तक की शिव-यात्रा



सनातन चेतना में महाशिवरात्रि केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि आत्मा के जागरण की दिव्य रात्रि है। यह वह क्षण है जब साधक बाह्य संसार की चंचलता से हटकर अंतर्मन में उतरता है और शिव-तत्व का अनुभव करता है। 'शिव' का अर्थ ही है कल्याण। जहां शिव हैं, वहां भय, द्वंद्व और अज्ञान का स्थान नहीं रहता।

आज के भौतिकतावादी और तनावग्रस्त युग में महाशिवरात्रि का महत्व और भी गहरा हो जाता है, क्योंकि यह पर्व मनुष्य को बाहरी सफलता नहीं, बल्कि आंतरिक शांति की ओर ले जाता है। महाशिवरात्रि वह रात्रि है, जब प्रकृति स्थिर होती है और चेतना उर्ध्वगामी होती है। योगशास्त्र के अनुसार इस रात्रि पृथ्वी की ऊर्जा मानव शरीर में सहज रूप से ऊपर की ओर प्रवाहित होती है। यही कारण है कि इस रात्रि ध्यान, मौन और साधना विशेष फलदायी माने गए हैं। शिव को आदियोगी कहा गया है वे प्रथम गुरु हैं, जिन्होंने मानवता को योग, ध्यान और आत्मानुशासन का मार्ग दिखाया। आधुनिक जीवन और हलाहल विष आज का मनुष्य भी प्रतिदिन हलाहल विष का सामना कर रहा है। कार्य का दबाव, प्रतिस्पर्धा, रिश्तों में खटास, अकेलापन, उपभोग की असीम चाह और भविष्य की अनिश्चितता। यह विष धीरे-धीरे मन को अशांत, शरीर को रोगी और आत्मा को थका हुआ बना देता है।

समुद्र मंथन की कथा केवल पौराणिक घटना नहीं, बल्कि जीवन का शाश्वत रूपक है। जैसे देवताओं और दानवों के प्रयास से पहले विष निकला, वैसे ही जीवन में परिवर्तन और प्रगति से पहले संघर्ष और पीड़ा आती है। भगवान शिव का विषपान यह संदेश देता है कि जो चेतना में स्थिर है, वही विष को अमृत में बदल सकती है।

शिव पूजन बाह्य नहीं, अंत:यात्रा

महाशिवरात्रि पर शिवलिंग पूजन का आध्यात्मिक अर्थ अत्यंत गूढ़ है। शिवलिंग निराकार और साकार के मिलन का प्रतीक है। जब भक्त जल अर्पित करता है, तो वह अपने चंचल विचारों को शांत करता है, दूध अर्पण कर वह अपनी कठोरता को कोमलता में बदलता है। बेलपत्र अर्पण कर वह अपने तीन दोष काम, क्रोध और लोभ का विसर्जन करता है। आज के समय में शिव पूजन का अर्थ है अपने भीतर के अहंकार, अधैर्य और असंतोष को त्यागना। यही सच्ची आराधना है।

महाशिवरात्रि का रात्रि जागरण केवल आंखों का जागना नहीं, बल्कि चेतना का जागरण है। यह आत्मनिरीक्षण की रात्रि है, मैं कौन हूं, मेरा लक्ष्य क्या है, और मैं किन विषों को ढो रहा हूं? आज जब समाज अवसाद, हिंसा और असहिष्णुता से जूझ रहा है, तब शिव का मौन और वैराग्य हमें सिखाता है कि हर समस्या का उत्तर शोर में नहीं, स्थिरता में छिपा है। भगवान शिव आशुतोष हैं वे शीघ्र प्रसन्न होते हैं। क्योंकि वे भाव को देखते हैं, प्रदर्शन को नहीं। आज जब आडंबर और दिखावे ने साधना को भी प्रभावित किया है, शिव हमें सरलता और सच्चाई का मार्ग दिखाते हैं। एक क्षण का सच्चा ध्यान, एक आंसू भरी प्रार्थना, एक मौन स्वीकार यह सब शिव को प्रिय है। महाशिवरात्रि हमें यह स्मरण कराती है कि शिव मंदिर में ही नहीं, हमारे भीतर भी विराजमान हैं। जब हम अपने भीतर की नकारात्मकता, क्रोध और भय को स्वीकार कर उसे चेतना के कंठ में रोक लेते हैं, तब जीवन नीलकंठ बन जाता है। विष रहते हुए भी करुणा और संतुलन से भरा। महाशिवरात्रि पर्व आत्मा को शिवमय करने का अवसर है। ये बाहरी अंधकार से नहीं, भीतरी प्रकाश से जीवन को बदलने का पर्व है।



▶▶ पंकज भारद्वाज

पता : स्टेशन चौराहा, नजीबाबाद रोड बिजनौर (उत्तर प्रदेश) मोबाइल : 9412452029

# भक्ति में डूबे सारे, गूंज उठे भोले के जयकारे

**नांगल सोती (चिंगारी)।** 'त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्। उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय माऽमृतात्।।' आज महाशिवरात्रि पर सभी शिवभक्त महादेव, भगवान भोलेनाथ की आराधना में डूबे रहे। वैसे तो अर्द्धरात्रि के बाद से ही कांवड़ियों ने हरिद्वार से कांवड़ में लाये गये गंगाजल से महादेव का अभिषेक करना शुरू कर दिया था, मगर आज सुबह शिवालयों में शिवभक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। शिवभक्तों ने शिवलिंग का जलाभिषेक/ दुग्धाभिषेक किया और अपने-अपने तरीके से आदिदेव की पूजा-अर्चना की और महादेव से दुखों-कष्टों के निवारण एवं परिवार में सुख, समृद्धि के वास की कामना की।

नांगल में थाने के सामने तथा ग्राम शहजादपुर-जीतपुर की सीमा पर स्थित शिव मंदिर में शिवभक्तों की सर्वाधिक भीड़ उमड़ी। यहां सुबह घंटों तक शिवभक्तों की लम्बी लाइन लगी रही। नांगल के मुख्य बाजार में स्थित शिव मंदिर, छतरी वाले कुएं के सामने स्थित शिव मंदिर, चमेली वाले शिव मंदिर, शहजादपुर के शिव मंदिर तथा खानपुर स्थित



शिव मंदिर पर भी श्रद्धालु काफी संख्या में महादेव का अभिषेक करने पहुंचे। ग्राम जालपुर, अभिपुरा सराय आलम, मायापुरी, हरचंदपुर, सौफतपुर, कामराजपुर, बरकातपुर, चंदोक, पूंडरी, सुंगरपुर बेहड़ा में स्थित शिवालयों में भी शिवभक्तों की लाइन लगी रही। शिवभक्तों ने महादेव की उपासना कर व्रत-उपवास रखे। उधर जिन घरों के सदस्य कांवड़ लाये थे, वहां पंडितों से कथा कराई गई।

# मंदिर में मनाया शिवरात्रि पर्व

**बिजनौर (चिंगारी)।** श्री महादेव पंचायती मंदिर में महाशिवरात्रि का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। पूरी रात भगवान शिव के भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया, जिसमें पकौड़ी, लड्डू, बर्फी, गाजर का हलवा रहा। मंदिर में विनीत अग्रवाल एडवोकेट, गौरव अग्रवाल एडवोकेट, सुभाष अग्रवाल, राजेंद्र सिंह, राजेंद्र गौतम, राममूर्ति गौतम आदि ने सहयोग किया। मंदिर में सुबह से ही जल चढ़ाने वालों का



तांता लग गया और ओम नम: शिवाय, नम: शिवाय, हर-हर महादेव के जयकारों से मंदिर गूंज उठा। पंडित सुरेशचंद शर्मा ने विधि-विधान से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कराया।

# वाह शाहनवाज भाई, शिवभक्तों की सेवा कर भाईचारे की अलख जगाई



कांवड़ियों को अपने हाथों से गर्म दूध देते समाजसेवी शेख शाहनवाज खलील।

**नगीना (चिंगारी)।** महाशिवरात्रि के मौके पर हजारों की संख्या में नगीना पहुंचे शिवभक्तों की सेवा के लिए नगर पालिका प्रशासन द्वारा लगाए गए स्वागत शिविर में चेयरपर्सन के पुत्र व चेयरमैन संघ के जिला अध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील ने अपने समर्थकों व पालिका स्टाफ के साथ पूरी रात सेवा की। स्वागत शिविर में शिव भक्तों के लिए गर्म दूध, दवाई व मालिश की व्यवस्था की गई थी। समाजसेवी शेख शाहनवाज खलील ने रात भर शिविर में बैठकर शिव भक्तों को अपने हाथ से गर्म दूध पिलवाया। उधर शिवरात्रि के मौके पर शेख शाहनवाज खलील ने नगर में सफाई, विद्युत व पानी की व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया तथा दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कर्मचारियों से शिवभक्तों की सेवा में कोई कमी नहीं छोड़ने के निर्देश दिये। इस मौके पर चेयरपर्सन के पुत्र शेख सहराज खलील, साहू सुयश अग्रवाल, अविरल मित्तल, सभासद गोपाल शर्मा, बृजमोहन बिश्नोई, सिद्दीक मुल्तानी, मोहम्मद असलम, जुबैर जैदी, बदर मुनीम आदि मौजूद रहे।

# विधायक ओम कुमार ने किया कांवड़ियों का स्वागत

## पुष्पवर्षा कर फल वितरित किये, जिलाधिकारी भी रहीं मौजूद

**बिजनौर (चिंगारी)।** उत्तराखंड-उत्तर प्रदेश बॉर्डर भागूवाला एवं प्राचीन मोटा महादेव मंदिर परिसर सहित नहटौर स्थित रोडवेज बस स्टैंड के समीप शिविरों में कांवड़ियों का विधायक ओम कुमार ने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती शोभा रानी (जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा) के साथ पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर विधायक ओम कुमार ने श्रद्धालु कांवड़ियों को प्रसाद स्वरूप जल एवं फल वितरित कर उनकी मंगलमय एवं सुरक्षित यात्रा की कामना की। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा हमारी सनातन परंपरा, आस्था एवं श्रद्धा का प्रतीक है, जो समाज में भक्ति, अनुशासन एवं समर्पण का संदेश देती है। कांवड़ियों की सेवा एवं सम्मान करना हम सभी के लिए सौभाग्य एवं पुण्य का कार्य है। इस अवसर पर जिलाधिकारी जसजीत कौर, उपजिलाधिकारी नजीबाबाद एवं धामपुर, तहसीलदार धामपुर, क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद, पूर्व सांसद भारतेंद्र सिंह, सुबोध पाराशर, नरेश प्रधान, मोनिका यादव, दुष्यंत, नकुल अग्रवाल (मंडल अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी नहटौर), कपिल शर्मा, वैभव गोयल, प्रशांत वर्मा, राहुल चौधरी, चमन दहिया, हिमांशु चांग, राजकुमार प्रजापति, कमल सैनी सहित भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस विभाग के अधिकारी एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



# सीएम सामूहिक विवाह योजना में हुई 220 शादियां

## अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए



नवदम्पतियों को उपहार भेंट करते विधायक सुशांत सिंह।

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत समाज कल्याण विभाग द्वारा शनिवार को रेहड़ क्षेत्र के ग्राम भगतावाला स्थित एक वैंकट हॉल में अफजलगढ़ ब्लॉक क्षेत्र के 220 हिन्दू-मुस्लिम जोड़ों की शादियां कराई गई। मुस्लिम समाज के युवक-युवतियों के निकाह मानियावाला निवासी कारी तौहिद आलम ने पढ़ाए, जबकि शांतिकुंज पीठ भज्जावाला के हरिशंकर वर्मा एवं डॉ. राजेंद्र सिंह द्वारा हिंदू वर-वधु के विवाह संस्कार संपन्न कराए गये। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक कुंवर सुशांत सिंह ने नवदंपतियों के सुखद दांपत्य जीवन की कामना करते हुए कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकारें समाज के आर्थिक रूप से कमजोर हर वर्ग के लोगों के हितार्थ काम कर रही है। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रदीप कुमार 'बबली', भाजपा (अ.मो.) के जिलाध्यक्ष सरदार मलकीत सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी बिजनौर, बीडीओ अफजलगढ़ मनवीर सिंह, एडीओ (पं.) ललित प्रताप सिंह, एडीओ (स.क.) आशीष कुमार, ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव एवं गणमान्य व्यक्ति सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# एडीएम ने किया पोलिंग बूथों का निरीक्षण

## लॉजिकल डिस्क्रिपेंसीज निस्तारण के निर्देश दिये



**बिजनौर (चिंगारी)।** उपजिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह द्वारा जिले के विधानसभा क्षेत्र बिजनौर और नहटौर के विभिन्न बूथों पर निरीक्षण कर लॉजिकल डिस्क्रिपेंसीज के निस्तारण के लिए निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि लॉजिकल डिस्क्रिपेंसीज नोटिस की सुनवाई का कार्य संचालित है। उन्होंने बताया कि मतदाताओं की सुविधा के लिए प्रत्येक मतदाता केंद्र पर संबंधित बूथ लेविल अधिकारियों द्वारा नोटिसों पर सुनवाई की जा रही है तथा मतदाताओं से नोटिस से संबंधित अभिलेख भी बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा सत्यापित कर जमा किए जा रहे हैं। उन्होंने बीएलओ को निर्देश दिये कि लॉजिकल डिस्क्रिपेंसीज नोटिस की सुनवाई करते हुए फोटोग्राफी भी कराएं। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी बीएलओ लॉजिकल डिस्क्रिपेंसीज नोटिस की सुनवाई के कार्य तेजी के साथ संपन्न कराएं ताकि निर्धारित समय अवधि में उक्त कार्य को पूर्ण किया जा सके। उन्होंने मतदाताओं का आह्वान किया कि सुनवाई के दौरान बूथ लेबिल अधिकारियों को संबंधित अभिलेख उपलब्ध कराते हुए फोटो भी खिंचवाएं और जो प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराए गए हैं, उनको बीएलओ से सत्यापित कराकर ही जमा करें ताकि उन्हें भविष्य में कोई असुविधा न होने पाए।

# मिलेनियम स्कूल में हुई शानदार फेयरवैल पार्टी



## इशिका मिस फेयरवैल, देव मिस्टर फेयरवैल

**कोतवाली देहात (चिंगारी)।** मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल कोतवाली देहात में फेयरवैल पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मुख्य अतिथि चेयरपर्सन मीना सिंह ने फीता काटकर किया। इसके पश्चात प्रधानाचार्य अजय कुमार, उपप्रधानाचार्या शालिनी चौहान, एडमिनिस्ट्रेटर अबुल कलाम व सतेंद्र कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलन हुआ। विद्यार्थियों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किये। रैंप वॉक, म्यूजिकल चेयर, हरियाणवी डांस, बॉयज़ मैशअप शक्तिमान स्टाइल डांस किया। मिस फेयरवैल इशिका गंगवाल और मिस्टर फेयरवैल देव कुमार रहे। मिस्टर किंग शिव व मिस क्वीन अलीना मिर्जा रही। मिस्टर पर्सनालिटी अलतामश मिस पर्सनालिटी पावनी रहे। मिस्टर हैंडसम मोहम्मद हादी, मिस ब्यूटीफुल वंशिका कुमारी चुने गए। विद्यालय की चेयरपर्सन श्रीमती मीना सिंह ने सभी बच्चों को अपना आशीर्वाद व स्नेह दिया। छात्र अदीब शमशी ने अपने गीत से सभी को भावुक कर लिया। कार्यक्रम का आयोजन बहुत धूमधाम से किया गया। अंत में सभी विजेता छात्र एवं छात्राओं को क्राउन व सैशे पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रितु, नौशाद, बालेश कुमार, कृष कुमार का विशेष योगदान रहा।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

# समाधान दिवस में नवागत थानाध्यक्ष ने समस्याएं सुनीं

**अफजलगढ़( चिंगारी )।** शनिवार को स्थानीय थाना प्रांगण में आयोजित थाना समाधान दिवस में नवागत थाना अध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठी ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं और कई शिकायतों का तुरंत निस्तारण कराते हुए बाकी शिकायतों के निपटारे के लिए संबंधितों को समय रहते समाधान हेतु निर्देशित किया। इस मौके पर एसओ विजेंद्र सिंह राठी ने क्षेत्रवासियों का आहवान किया कि वह बेझिझक अपनी समस्याओं से अवगत कराएं, हर सम्भव समाधान होगा। इस अवसर पर पुलिस व राजस्वकर्मी एवं फरियादी मौजूद रहे।



समाधान दिवस में समस्याएं सुनते नवागत थानाध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठी।

# पुलवामा हमले की बरसी पर निकाला कैंडल मार्च



**नांगल सोती (चिंगारी)।** पुलवामा हमले की सातवीं बरसी पर कल शाम नांगल में कैंडल मार्च निकालकर शहीद 40 जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

ज्ञातव्य है कि 14 फरवरी, 2019 को जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में आतंकियों ने सीआरपीएफ के काफिले पर कायराना हमला किया था, जिसमें 40 जवानों की मृत्यु हो गई थी। पुलवामा हमले की सातवीं बरसी पर नांगल में किसान नेता ज्ञान सिंह के नेतृत्व में राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज के सामने से कैंडल मार्च निकाला गया। 'अमर शहीदों का बलिदान, याद करेगा हिंदुस्तान', 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम' आदि नारों के साथ मुख्य बाजार में स्थित झंडा चौक तक कैंडल मार्च निकाला गया। झंडा चौक पर जलती मोमबत्तियां रखकर दो मिनट का मौन धारण कर समस्त शहीदों की आत्मा की शांति के लिये प्रार्थना की गई। किसान नेता ज्ञान सिंह के नेतृत्व में सामाजिक कार्यकर्ता हेमेन्द्र चौधरी, ध्रुव काकरान, नौबहार सिंह, प्रमोद कुमार, मा. कृष्ण कुमार, शिवम कुमार, टिंकू सिंह, प्रिंस गोस्वामी, राहुल मल्होत्रा, मनी कश्यप, पवन सैनी, मौ. शौकीन, मनोज कुमार, संदीप कुमार सहित कई व्यक्ति मौजूद रहे।

# महादेव मंदिर में त्रिदिवसीय मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन

**धामपुर (चिंगारी)।** धामपुर-नगीना मार्ग स्थित दुर्गा विहार कॉलोनी के श्री महादेवपुरम फेस 2 स्थित नवनिर्मित श्री महादेव मंदिर में चल रहे तीन दिवसीय मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का कलश यात्रा, सामूहिक पूजन एवं हवन यज्ञ तथा भंडारे के साथ समापन हो गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व भाजपा सांसद डॉ. यशवंत सिंह तथा भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव कुमार सिसोदिया को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन की दृष्टि से मंदिर के सामने श्री महादेव वाटिका में तुलसी, पीपल, बेर आदि अनेक पौधों का रोपण भी किया गया। तीन दिवसीय महोत्सव में डॉ. दिनेश चंद्र भारद्वाज के संरक्षण में आयोजित कार्यक्रम में काशी से पधारे आचार्य हिमांशु सत्यबली, पंडित रोहिणी शर्मा, पंडित उत्तम भारद्वाज, पंडित शौर्य अत्री, पंडित निकुंज शर्मा, बाल पंडित



यज्ञ में आहुति देते हुए पूर्व सांसद डॉक्टर यशवंत सिंह।

प्रणव भारद्वाज और गौतम गिरी ने प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव से संबंधित जाप एवं पाठ आदि की प्रक्रियाएं पूर्ण विधि विधान के साथ संपादित कराई। महोत्सव के मुख्य यजमान मनोज कुमार चौहान एवं उनकी धर्मपत्नी सपना चौहान रहे। महोत्सव के अंतर्गत निकाली गई कलश शोभायात्रा में सिरों पर मंगल कलश धारण किये पीत्त वस्त्र धारी महिलाओं में प्रमुख रूप से सपना चौहान, पारुल चौहान, अंशु रानी, राखी चौहान, रानी देवी, आस्था चौहान, शालिनी चौहान, हेमलता चौहान, नीलम रानी, उमा चौहान, प्रियंका देवी आदि 51 महिलाएं शामिल रही।

## आर्य समाज में मनाया गया 'ऋषि बोधोत्सव'



यज्ञ में आहुति देते हुए आर्यजन।

**धामपुर (चिंगारी)।** स्टेशन मार्ग स्थित आर्य समाज में आज 'ऋषि बोधोत्सव' मनाया गया। इस अवसर पर यज्ञ शाला में आयोजित यज्ञ, पुरोहित इंजीनियर मुकुल गुप्ता आर्य ने कराया, जिसमें मुख्य यजमान दयानंद वैदिक पूर्व माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती बीना शर्मा रहीं। इस अवसर पर सत्य प्रकाश शर्मा ने भजनों के माध्यम से आर्य जनों को ज्ञान के प्रति प्रेरित किया। आर्य समाज के प्रधान देवानंद आर्य ने घर-घर जाकर लोगों को आर्य समाज के प्रति प्रेरित करने पर बल दिया। वेद प्रचार संध्या समिति के अध्यक्ष क्षेत्रपाल शास्त्री, महामंत्री डीपी सिंह आर्य, जगदीश प्रताप सिंह, दीपाली स्वाति, अनीता, हर्ष शर्मा, मनोज कुमार अग्रवाल, भारत भूषण आर्य, गोपाल सिंह बिष्ट आदि ने यज्ञ में आहुतियां डाली।

# दमयंती देवी प्रेरणा संस्थान की ओर से 200वां नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

### डॉ. आदित्य अग्रवाल 'भामा शाह रत्न पुरस्कार' से सम्मानित

**धामपुर (चिंगारी)।** सुसंस्कारित स्वास्थ्य सेवा के अंतर्गत दमयंती देवी प्रेरणा संस्थान की ओर से 200वां नि:शुल्क चिकित्सा शिविर अग्रवाल धर्मशाला निकट रोडवेज बस अड्ड धामपुर में आयोजित किया गया। शिविर में 450 मरीजों को नि:शुल्क परामर्श एवं तीन-तीन दिन की दवाइयां वितरित की गई।

शनिवार को शिविर का उद्घाटन महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद फीता काटकर किया गया। शिविर में महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा के जिला अध्यक्ष जयवीर सिंह सिसोदिया, नगर अध्यक्ष यशवीर सिंह गीतम,प्रांतीय



डॉक्टर आदित्य अग्रवाल को भामाशाह रतन पुरस्कार देते हुए क्षत्रिय समाज के पदाधिकारी।

कार्यकारिणी सदस्य नरेश वत्स,रविंद्र चौहान, मनोज चौहान आदि ने डॉ. आदित्य अग्रवाल को भामाशाह रत्न पुरस्कार देकर सम्मानित किया। शिविर में डॉ. आदित्य अग्रवाल, डॉ. मोनिका अग्रवाल, डॉ. मुनीर अहमद मुरादाबाद, डॉक्टर अब्दुल कलाम दिल्ली, अनंत देव सूर्य, डॉ. सचिन अग्रवाल, डॉ. निश्चित अग्रवाल, डॉक्टर निश्चल पाल, डॉक्टर रश्मि पाल, डॉक्टर बीके सिंह, डॉ प्रियंका ग्रोवर, डॉक्टर कुशाग्र सक्सेना, डॉक्टर करिश्मा सक्सेना, डॉ. रजनीश चौहान, डॉ. अमित गुप्ता आदि ने मरीजों को नि:शुल्क परामर्श दिया। इस दौरान मरीजों को 3-3 दिन की दवाइयां भी नि:शुल्क वितरित की गई। कैंप में शुगर PFT ECG BMD की जांच नि:शुल्क की गई। शिविर में पॉलिथीन मुक्त अपना देश-प्रदेश और शहर अभियान के बारे में लोगों को अवगत कराते हुए कपड़े के बने थैले 10 रुपए सहयोग राशि लेकर वितरित किये गये। धामपुर की सवेरा सामाजिक संस्था एवं रोटरी क्लब इंडस्ट्रियल एरिया का शिविर में सहयोग रहा। शिविर को सफल बनाने में साहिल अखिलेश, पंकज, गौरव, हिमांशु, कपिल, नन्हे, आनंद, मोहित, संकेत, सौरभ व आनंद आदि का योगदान रहा।

## गंगा जल लेकर लौट रहे दो श्रद्धालु घायल

**नांगल सोती (चिंगारी)।** आज सुबह लगभग साढ़े नौ बजे प्रदीप कुमार पुत्र जगमोहन सिंह निवासी शक्ति चौक, बिजनौर एवं मुकेश कुमार पुत्र भगीरथ सिंह निवासी ज्ञान विहार, बिजनौर हरिद्वार से अपनी मोटरसाइकिल संख्या यूपी 20 एएम - 2054 से गंगाजल लेकर वापस अपने घर जा रहे थे। नांगल-चंदक मार्ग पर नांगल स्थित खानपुर तिराहे के समीप सामने से आ रहे ट्रैक्टर को देखकर इनकी बाइक अनियंत्रित होकर नरपाल फौजी के घर में घुस गयी। बाइक घर में मौजूद एक पिलर से टकरा गयी, जिससे दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने पहले स्थानीय चिकित्सक से उनका उपचार कराया और फिर एम्बुलेंस से समीपुर (नजीबाबाद) स्थित सीएचसी भिजवाया। वहां से उन्हें जिला अस्पताल बिजनौर के लिये रैफर किया गया है। प्रदीप ज्यादा घायल बताया जाता है।

# गणेशजी के स्वरूप की विस्तृत व्याख्या की

### श्रीराम मंदिर आश्रम में चल रही शिव महापुराण कथा

**धामपुर (चिंगारी)।** स्थानीय मौहल्ला साहूवान स्थित श्रीराम मंदिर आश्रम में सनातन उत्थान सेवा संघ के तत्वावधान में सात दिवसीय संगीतमयी शिव महापुराण कथा के छठे दिन कथा व्यासपीठ से कथावाचक महंत राधेश्याम व्यास जी ने भगवान गणेश की उत्पत्ति का मार्मिक प्रसंग सुनाते हुए उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। महंत व्यास जी महाराज ने कहा कि गणेश जी का स्वरूप केवल पौराणिक कथा नहीं, बल्कि गहन आध्यात्मिक और वैज्ञानिक संदेशों से परिपूर्ण



महंत राधेश्याम व्यास जी महाराज

है। उनका विशाल मस्तक व्यापक सोच और गहन चिंतन का प्रतीक है। छोटी आंखें एकाग्रता का संदेश देती हैं, बड़े कान अधिक सुनने और कम बोलने की प्रेरणा देते हैं, जबकि सूंड लचीलापन और सूक्ष्मता से कार्य करने की क्षमता का प्रतीक है। उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे किसी भी शुभ कार्य से पूर्व गणेश वंदना अवश्य करें, क्योंकि गणेश बुद्धि, विवेक और विघ्नहर्ता के रूप में जीवन की बाधाओं को दूर करते हैं। मुख्य यजमान के रूप में सौरभ वशिष्ठ एवं प्रियंका वशिष्ठ ने विधिवत पूजन-अर्चन किया। आयोजन को सफल बनाने में सुमित अवस्थी, राजेंद्र प्रसाद अग्निहोत्री, पं. रमेश शंकर तिवारी, राकेश मिश्रा सहित अनेक श्रद्धालुओं का विशेष सहयोग रहा।

# वरिष्ठ नागरिक समिति की बैठक में संगठन को मजबूत बनाने पर बल

**धामपुर (चिंगारी)।** वरिष्ठ नागरिक महासमिति उत्तर प्रदेश की शाखा जिला बिजनौर की मीटिंग सत्यधाम धर्मशाला धामपुर में जिला अध्यक्ष धर्मेश कुमार की अध्यक्षता एवं शिवकुमार सिंह के संचालन में संपन्न हुई। बैठक में समिति में संगठन को मजबूत करने के लिए जिला अध्यक्ष द्वारा सुझाव रखे गए। रानी बाग शाखा के अध्यक्ष जगदीश सिंह, जैतरा शाखा के महामंत्री सुरेंद्र सिंह, सरकडा शाखा के महामंत्री संतोष सिंह, नगर शाखा के अध्यक्ष विजयपाल सिंह ने अपनी अपनी शाखों के संबंध में उपलब्धियों को बताया। समिति के संरक्षक जगदीश सिंह चौहान ने भी अपने विचारों से मार्गदर्शन किया। आकू शाखा के रामस्वरूप ने भी अपनी शाखा



बैठक में उपस्थित पदाधिकारी।

को मजबूत करने के लिए आश्वस्त किया। इस अवसर पर सेवानिवृत्ति उप निरीक्षक रामस्वरूप ने कविता पाठ किया। समिति की उपाध्यक्ष श्रीमती सुनीता नंदा ने भजन सुनाया। सेवानिवृत्ति प्राचार्य आरएसएम डिग्री कॉलेज भूदेव सिंह ने भी वरिष्ठों की सहायता की लिए सरकार द्वारा किए गए प्रयासों को विस्तार से बताया। समिति की बैठक में संरक्षक जितेंद्र कुमार, डॉक्टर आरके चौहान, ठाकुर सिंह चौहान, रामावतार सिंह, आनंद सिंह, देवेंद्र सिंह आदि लोग उपस्थित रहे। अंत में पुलवामा में शहीद हुए जवानों की स्मृति में मोन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# राष्ट्र का विकास, व्यक्ति के आत्म विश्वास से ही संभव- प्रो. प्रीति

## शिविर का शुभारंभ




**बिजनौर (चिंगारी)।** वर्धमान कॉलेज बिजनौर की राष्ट्रीय सेवा योजना की तृतीय एवं चतुर्थ इकाई का सात-दिवसीय विशेष शिविर-यूथ फॉर स्किल डेवलपमेंट (कौशल विकास) हेतु युवा का भव्य शुभारंभ संत रविदास मंदिर के प्रांगण में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में वर्धमान कॉलेज की प्राचार्या प्रो. प्रीति खन्ना एवं मुख्य वक्ता के रूप में अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. एसके अग्रवाल, भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. एकेएस राणा, हिंदी विभाग की विभागाध्यक्षा प्रो. शशिप्रभा, डा. ओपी सिंह, प्रशांत कुमार सिंह, यश चौहान, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. मुहम्मद साबिर एवं डॉ. अनूप कुमार गुप्ता ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर और पुष्प अर्पित किए। स्वयंसेविका शिवानी और अनुष्का ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। डा. अनूप कुमार गुप्ता ने स्वागत भाषण दिया। स्वयं सेवकों ने एनएसएस का लक्ष्य गीत गाकर सामूहिकता में एकता को प्रदर्शित किया। प्रो. शशिप्रभा ने राष्ट्र निर्माण में एनएसएस की भूमिका पर अपना वक्तव्य दिया और राष्ट्र के प्रति समर्पित रहने को प्रेरित किया। प्राचार्या प्रो. प्रीति खन्ना ने कहा कि राष्ट्र का विकास व्यक्ति के आत्म विकास से ही संभव है। प्रो. एसके अग्रवाल और प्रो. एके राणा ने सभी स्वयं सेवकों को प्रोत्साहित करते हुए अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

# महाशिवरात्रि का पर्व मनाया भक्तों का सैलाब उमड़ आया

**शेरकोट (चिंगारी)।** रविवार को नगर व ग्रामीण क्षेत्र में महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने शिव मंदिरों में जलाभिषेक कर सुख समृद्धि और खुशहाली की कामनाएं कीं। नगर के प्राचीन गढ़ी मंदिर में सुबह से ही जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने से लंबी कतार लगी रही।


जलाभिषेक करते श्रद्धालु।

हर साल की तरह बीते कई दिन से क्षेत्र में कांवड़ियों का बड़ी संख्या में आवागमन होने, दर्जनों सेवा शिविर चलने और बम-बम भोले व हर-हर महादेव की जय-जयकारों से मुख्य रूप से हरेवली तिराहे का वातावरण शिवमय बना हुआ था। महाशिवरात्रि को लेकर क्षेत्र के प्राचीन गढ़ी मंदिर, द्रौपदा मंदिर, गंगा राम मंदिर सहित क्षेत्र के शिव मंदिरों को सजाया गया और रात भर भजन कीर्तन का आयोजन हुआ। विशाल गढ़ी मंदिर लाइट की झालरों की रोशनी में जगमगाता दिखाई दिया। अर्धरात्रि के बाद से शिवालयों पर शुरू हुआ जलाभिषेक का सिलसिला दोपहर तक जारी रहा। महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने मंदिरों में जल चढ़कर भोले बाबा का आशीर्वाद लिया। विगत वर्षों की भांति इस बार भी जलाभिषेक करने वालों की सर्वाधिक भीड़ मौहल्ला फतेहनगर स्थित गढ़ी मंदिर में रही। नगर के साथ ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालुओं भी पहुंचने से गढ़ी मंदिर में लंबी कतार लगी रही। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए आज व्रत रखकर पूजा अर्चना की। पुजारी निपेंद्र कुमार शर्मा,कामेश्वर राजपूत, छोटू कारीगर, दौलत सिंह पाल, निपेन्द्र कुमार, पवन कुमार, बब्लू सिंह आदि गढ़ी मंदिर में व्यवस्था बनाने में जुटे रहे। शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाने के लिए पुलिस गस्त करती रही।

### चेयरपर्सन शबनम नाज़ ने मंदिरों के आसपास विशेष रूप से सफाई करवाई

क्षेत्र में कई दिन तक चले कांवरती सेवा शिविरों में चेयरपर्सन शबनम नाज़ के निर्देश पर नगर पालिका द्वारा जलापूर्ति, पंथ प्रकाश और सफाई की बेहतर व्यवस्था कराई गई थी। इस दौरान अधिशासी अधिकारी कृष्ण मुरारी की बार क्षेत्र में भ्रमण कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। रविवार को शिव मंदिरों में जल चढ़ाए जाने को लेकर पालिका द्वारा मंदिरों के आसपास और मुख्य मार्गों पर सफाई कराकर चूना डलवाया गया। इस अवसर चेयरपर्सन शबनम नाज़ द्वारा कराई गई व्यवस्थाओं की लोगों ने सराहना की।

# आरबीडी कॉलेज में हुआ छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण



## सर्वाइकल व लम्बर पेन की जानकारी दी

**बिजनौर (चिंगारी)।** रानी भाग्यवती महिला महाविद्यालय बिजनौर में कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. मंजू चौधरी के मार्गदर्शन में हेल्थ समिति द्वारा सर्वाइकल और लम्बर पेन टॉपिक पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें जिला अस्पताल से डॉक्टर श्वेता, डा. रॉबिन डॉ. लुबना (नेत्र विशेषज्ञ), प्रयोगशाला तकनीशियन, काउंसलर लता व स्टाफ नर्स उपस्थित रहे। जिला अस्पताल से आई इस टीम ने महाविद्यालय की छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया, जिसमें उन्होंने छात्राओं की स्क्रीनिंग, नेत्र परीक्षण तथा रक्त परीक्षण किया। इसके साथ ही साथ डॉ. रॉबिन ने सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस तथा लम्बर पेन जैसे विषय पर अतिथि व्याख्यान दिया, जिसमें उन्होंने इसका कारण, इसका निवारण, इसमें होने वाली एक्सरसाइज को पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से समझाया तथा छात्राओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर भी दिया। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में शारीरिक शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष व आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर, प्रोफेसर मंजू अरोड़ा, हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉक्टर शारदा द्विवेदी, राजनीति विज्ञान विभाग से डॉ. मृदुल, डा. आबिदा, भूगोल विभाग से डा. रितु सैनी व कॉमर्स विभाग से डॉ. ज्योति, होम साइंस विभाग से चिकित्सा कमेटी की प्रभारी शिखा मालवीय विभाग से डा. मीनू सिरोही, पूजा कुमार, स्वाति, कुमारी मीनू, इंदु शर्मा और कमल का पूर्ण सहयोग रहा।

Hero
हीरो लाया है साल की शुरुआत में शानदार ऑफर
Hero
MEVRICK 440 पर पायें
50,000 रुपये का कैश डिस्काउंट

XTREME 160 पर पायें 10,000
रुपये का कैश डिस्काउंट

फाइनेंस सुविधा भी उपलब्ध है!
आवश्यकता है शोरूम एग्जीक्यूटिव, फ्लोर सुपर वाइजर एवं कुशल मैकेनिक की
आकर्षक उपहार
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9457937407

# मोटा महादेव मंदिर पर हजारों श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)।** फाल्गुन मास की महाशिवरात्रि के पवित्र त्यौहार पर दूर दराज से पहुंचे शिवभक्तों ने मोटा महादेव मंदिर पर जलाभिषेक किया। हिंदू रिति रिवाज के अनुसार ये त्यौहार बहुत ही पवित्र त्यौहार होता है। कई दिनों से इस त्यौहार की तैयारी शुरू हो जाती है। शिवभक्त हरिद्वार से गंगाजल कांवड़ लाते है। रविवार को महाशिवरात्रि त्यौहार के दिन क्षेत्र के मंडावली, मुस्सेपुर, करौली, कांठपुर, विजयपुर, सहानपुर, नजीबाबाद, जटपुरा, नांगल आदि क्षेत्र के शिव भक्तों ने स्वंभू मोटा महादेव सिद्ध पीठ मंदिर पर जलभिषेक कर बाबा भैरो का आशीर्वाद रूपी सोटा लगवाकर पूजा अर्चना की। शिव के गण नंदी से भी आशीर्वाद लिया। मंदिर के पुजारी शशिनाथ व भूपेंद्रनाथ ने सभी को मंत्रोचारण के साथ पूजा अर्चना कराई। मान्यता है कि भैरो बाबा के दर्शन बिना मोटा महादेव की यात्रा अधूरी मानी जाती है। इसलिए बाबा भैरो के दर्शन करना जरूरी होता है। मंदिर पर लंबी लाइन में लगकर शिवभक्तों ने जलाभिषेक किया। हरिद्वार से शिवभक्त डॉक कांवड़ लेकर मंदिर पर जल चढ़ाकर आगे बढ़े। सुरक्षा की दृष्टि से सीओ नितेश प्रताप सिंह, नजीबाबाद थाना प्रभारी निरीक्षक राहुल कुमार, थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार, मोटा महादेव पुलिस चौकी इंचार्ज सोनू सिंह आदि पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। टीएसआई रवि नैन यातायात व्यवस्था में लगे रहे। मंडावली के शिव मंदिर पर भी ग्रामीणों ने शिवलिंग पर जल चढ़ा कर पूजा अर्चना की। बेल पत्र, धतूरा, भांग के पत्ते फल, फूल आदि चढ़ाकर धूप दीप से आरती की। शिवरात्रि के दिन उपवास व्रत रखकर भजन कीर्तन किया।



शिवलिंग पर जलाभिषेक करते शिवभक्त।

## एसडीएम नगीना ने मोटा महादेव पर भंडारा कराया

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। एसडीएम नगीना विजय शंकर ने मोटा महादेव मंदिर पर कराया विशाल भंडारा। हरिद्वार से चलकर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए एसडीएम नगीना विजय शंकर की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया। हरिद्वार से चलकर आने वाले शिवभक्त व क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

## चिकित्सक ने शिवभक्तों को फल वितरित किये

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। ओम चौधरी हॉस्पिटल के डॉक्टर चरण सिंह चैधरी, डॉक्टर मनुज चैधरी, भाजपा नेता अनुज चौधरी व हॉस्पिटल के स्टाफ ने हरिद्वार से चलकर आने वाले कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा कर उन्हें फल वितरित किये।

## साइकिल यात्रा कर मंदिर पहुंचे एसपी व सीओ सिटी



मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। एसपी अभिषेक झा व सीओ सिटी संग्राम सिंह बिजनौर से मंडावर, चंदक-नांगल मार्ग होते हुए 45 किलोमीटर की साइकिल यात्रा करते हुए मोटा महादेव मंदिर पहुंचे। उन्होंने मंदिर पर जलाभिषेक कर सुख समृद्धि की कामना की। मंदिर के पुजारी शशिनाथ ने पूजा अर्चना सम्पन्न कराई। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए पुलिस को दिए दिशा निर्देश।

## वसीम अहमद ने कांवड़तियों का किया स्वागत

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के मिर्जापुर सैद उर्फ भूड्डी निवासी वसीम अहमद ने भागूवाला में कांवड़ियों का स्वागत कर उन्हें फल वितरित कर हिन्दू- मुस्लिम एकता व गंगा- जमुना की तहजीब की मिसाल पेश की। कांवड़ियों ने इस कार्य के लिए वसीम अहमद की सराहना की।

## माघ मेला के अंतिम स्नान पर्व पर त्रिवेणी में डुबकी लगाने वालों का लगा तांता

**प्रयागराज (एजेंसी/चिंगारी)।** तीर्थराज प्रयागराज में संगम की रेती पर लगे विश्व के सबसे बड़े धार्मिक और आध्यात्मिक माघ मेले के 44 वें और अंतिम दिन आज छठवें और आखिरी स्नान पर्व महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा है।

बड़ी संख्या में श्रद्धालु ब्रह्म मुहूर्त से ही त्रिवेणी संगम के विभिन्न घाटों पर आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। मेला अधिकारी ऋषिराज के मुताबिक सुबह से लेकर अब तक 50 लाख से ज्यादा श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। ग्रहों नक्षत्रों का अद्भुत संयोग महाशिवरात्रि के पर्व को कई गुना फलदाई बना रहा है। आज के दिन अन्न,वस्त्र और स्वर्ण दान का विशेष महत्व है। माघ मेले के आखिरी स्नान पर्व महाशिवरात्रि को लेकर मेला प्रशासन ने भी खास तैयारी की है। मेला प्रशासन ने आज करीब एक करोड़ श्रद्धालुओं के स्नान का अनुमान लगाया है। सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम किए गए हैं। पुलिस और प्रशासन के भी आलाधिकारी ग्राउंड जीरो पर मौजूद हैं। माघ मेले में बनाए गए साढे तीन किलोमीटर लंबे घाट पर श्रद्धालु स्नान कर रहे हैं। माघ मेले में सुरक्षा के लिए जहां यूपी पुलिस, पीएसी और आर ए एफ को तैनात किया गया है।





# भक्ति में डूबे श्रद्धालु सारे, गूंज उठे भोले के जयकारे

## उत्साह पूर्वक मनाया गया महाशिवरात्रि का पर्व


साहित्य विहार स्थित बालाजी मंदिर में जल चढ़ाते श्रद्धालु।


शुगर मिल स्थित कुटिया कॉलोनी में शिव मंदिर में लगी लम्बी लाइन


मौ. जाटान स्थित निहाल सिंह की कोठी में शिव मंदिर में कांवड़ चढ़ाते शिवभक्त

बिजनौर (चिंगारी)। महाशिवरात्रि का पावन पर्व जनपद में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शिवालयों में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। प्रात:काल से ही भक्तों की लंबी कतारें मंदिरों में देखने को मिलीं। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान के साथ भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि के लिये मंगलकामना की।


गीता नगरी के शिव मंदिर पर कांवड़ चढ़ाते श्रद्धालु

जाटान स्थित निहाल सिंह की कोठी में स्थित झारखंडी शिव मंदिर, साकेत कॉलोनी के शिव मंदिर, राम के चौराहे पर स्थित हनुमान मंदिर, नई बस्ती स्थित शिव मंदिर, कुटियां कॉलोनी के शिव मंदिर, बाला जी मंदिर, चौरासी घंटा मंदिर, बाबा हरिहर मंदिर सहित सभी प्रमुख मंदिरों में जलाभिषेक की विशेष व्यवस्था की गई। इस अवसर पर शिवालयों को फूलों एवं रंग-बिरंगी रोशनी से आकर्षक ढंग से सजाया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और मनोहारी हो उठा।

**कांवड़ियों ने हरिद्वार से लाए पवित्र गंगाजल से विभिन्न मंदिरों में जलाभिषेक किया। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जल, दूध, बेलपत्र, धतूरा एवं अन्य पूजन सामग्री अर्पित कर पुण्य लाभ कमाया। 'बोल बम' और 'हर हर महादेव' के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। मंदिरों में दिनभर शिव भजन एवं कीर्तन का आयोजन चलता रहा, जिसमें महिलाओं, युवाओं एवं बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महाशिवरात्रि के अवसर पर पूरा नगर शिवमय नजर आया।**


कांवरतियों की सेवा के लिये विभिन्न संस्थाओं द्वारा शिविर आयोजित किये गये। सिविल लाइन स्थित नवयुग मार्केट में मेडिकल स्टोर स्वामियों ने शिवभक्तों के लिये गर्म दूध व पकौड़ी की व्यवस्था की। इस अवसर पर राहुल अग्रवाल, राजकुमार गोयल, डॉ. एके अग्रवाल, रजनीश अग्रवाल, शशि सेंगर, विशू अग्रवाल, उमेश अग्रवाल, कमल रस्तौगी, राजेश चौधरी, आशीष सेठी, सुशील शर्मा, उद्यम सिंह, अंकुज चौधरी, राजेश राणा, संजीव शर्मा आदि का सहयोग रहा।

### भंडारे में डीएम व पूर्व सांसद ने शिवभक्तों को प्रसाद बांटा

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। मंडावली पुलिस की ओर से मोटा महादेव मंदिर परिसर पर भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में डीएम जसजीत कौर, एसपी सिटी कृष्ण गोपाल सिंह, पूर्व सांसद कुंवर भारतेंद्र सिंह व अन्य अधिकारियों ने कांवड़ियों को अपने हाथों से प्रसाद परोसा। मंडावली पुलिस की ओर से आयोजित भंडारे में हजारों की संख्या में शिवभक्त कांवड़ियों ने प्रसाद ग्रहण किया। पुलिस के द्वारा कांवड़ियों की सुरक्षा के साथ, कांवड़ियों की सेवा करने के लिए शिवभक्तों ने जनपद के आला अधिकारियों व मंडावली थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सहित पुलिस टीम की प्रशंसा की। नहटौर विधायक ओमकुमार ने अपनी पत्नी शोभारानी के साथ मोटा महादेव मंदिर पर जलाभिषेक किया। डीएम जसजीत कौर व पूर्व सांसद भारतेंद्र सिंह ने भी पूजा अर्चना की।




## कार्यालयः नगर पालिका परिषद् हल्दौर जनपद–बिजनौर।

पत्रांकः/784/न0पा0प0ह0/2025–26, दिनांक : 13 फरवरी, 2026

–:: सार्वजनिक सूचना ::–

–:: नोटिस अन्तर्गत धारा 143 (1), 147 (2) उ0प्र0 नगरपालिका अधिनियम 1916 ::–

एद्तद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित सम्पत्तिओं का नामान्तरण हेतु रजिस्टर्ड बैनामा/रजिस्टर्ड वसीयतनामा/वारिसान प्रमाण–पत्र/मृत्यु प्रमाण–पत्र/शपथ–पत्र व अन्य विधिक साक्ष्यों सहित आवेदन पत्र दिये गये है। नगरपालिका के गृहकर अभिलेखों में उक्त सम्पत्तिओं के संबंध में नया नाम दर्ज होना है, जिनका विवरण इस प्रकार है:–

| क. सं. | सम्पत्ति का पता | केता का नाम व पता | विकेता का नाम व पता | नामान्तरण का आधार | क्षेत्रफल | भवन संख्या/अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | मौ0 शहीद–स्मारक | श्री अनुज कुमार पुत्र श्री सोमप्रकाश, नि0 मौ0 खेड़ा, हल्दौर (बिजनौर)। | 1–श्री मणिकान्त रस्तौगी पुत्र श्री विद्यारत्न रस्तौगी, नि0 मौ0 भूड़, हल्दौर, 2–श्री कृष्णकान्त रस्तौगी पुत्र श्री विद्यारत्न रस्तौगी, नि0 मौ0 भूड़ हल्दौर हाल नि0 गली नं0–03, मुसिफ रोड, लाइन्स कॉलोनी चन्दौसी जिला–सम्भल, 3–श्री शिखर पुत्र श्री विद्यारत्न रस्तौगी, नि0 मौ0 भूड़, हल्दौर हाल नि0 मौ0 मनिहार चौक, सीता रोड़, चन्दौसी जिला–सम्भल, 4–श्रीमती शिखा रस्तौगी पत्नी स्व0 विभूकान्त रस्तौगी एवं 5– श्री शुभम् रस्तौगी पुत्र स्व0 विभूकान्त रस्तौगी माता श्रीमती शिखा रस्तौगी, नि0 मौ0 भूड़, हल्दौर हाल नि0 मौ0 रामगंगा विहार फेस–1, मुरादाबाद। | पंजीकृत बैनाम दि 09.12.2025 | 69.42 वर्ग मी0 | नया नाम |
| 2. | | | श्रीमती शारदा रानी पत्नी स्व0 सोमप्रकाश एवं श्री अवधेश कुमार पुत्र स्व0 सोमप्रकाश, नि0 मौ0 खेड़ा, हल्दौर। | पंजीकृत दानगृहीता दि 16.01.2026 | 157.50 वर्ग मी0 | नया नाम |

अतः उपरोक्त सम्पत्ति पर कॉलम संख्या–03 में अंकित नाम को निकाय के गृहकर अभिलेखों में दर्ज करने में यदि किसी को कोई दावा/आपत्ति हो तो निकाय कार्यालय में अपनी आपत्ति मय अभिलेखीय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत करने के लिए उक्त धाराओं के अन्तर्गत एक माह (30 दिन) का समय दिया जाता है। निर्धारित समय–सीमा के उपरान्त किसी भी दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा तथा उक्त सम्पत्ति पर स्वामित्व के रूप में आवेदक का नया नाम नगर पालिका परिषद हल्दौर (बिजनौर) के गृहकर अभिलेखों में दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, हल्दौर ( बिजनौर )**

# खारी में स्वयंभू शिव मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**खारी झालू ( चिंगारी )।** खारी स्थित प्राचीन स्वयंभू झारखंडी शिव मंदिर पर बहुत धूमधाम से महाशिवरात्रि का पर्व मनाया गया। मंदिर को दुल्हन की तरह सजाया गया था, जिसे देखकर मन प्रसन्न हो रहा था। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर मंदिर में हजारों भक्तों की भीड़ रही। रात्रि 12 बजे पंडित चैतन्य भारद्वाज जी द्वारा विधि विधान से पूजन किया गया। उसके पश्चात हजारों की संख्या में कांवड़ियों ने अपनी कावड़ शिवजी को समर्पित कर और शिवलिंग पर जलाभिषेक कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर परिसर हर हर महादेव और ओम नमः शिवाय के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की जल ,दूध, बेलपत्र, शहद, दही, भस्म और धतूरा अर्पित कर विधिवत पूजा-अर्चना की। सुबह से दोपहर तक मंदिर परिसर में शिव भक्तों की लंबी-लंबी कतारें लगी रही। सभी भक्तों ने भक्तिपूर्वक जलाभिषेक कर सुख समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर में भव्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने झूलों का आनंद लिया। सफाई और प्रसाद वितरण की उचित व्यवस्था रही। कई भक्तों ने रात्रि जागरण





कर भगवान शिव की आराधना की। बलदिया, खारी और चौकपुरी के शिव भक्तों द्वारा भंडारे का आयोजन भी किया गया। विजयपाल यादव द्वारा धार्मिक भजनों का कार्यक्रम भी रहा। मान्यता है कि महाशिवरात्रि के दिन झारखंडी शिव मंदिर में सच्चे मन से की गई पूजा से भगवान शिव भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने परिवार, समाज और क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना की। मंदिर कमेटी ने प्रशासन से पुलिस बल बढ़ाने की और पार्किंग के स्थान की व्यवस्था करने की मांग की। कार्यक्रम में डॉक्टर धर्मवीर सिंह (अध्यक्ष), सूरज सिंह (उपाध्यक्ष), लटूर सिंह (मंत्री), नरेंद्र सिंह (अगरी), गुडडू प्रधान (चौकपुरी),अजय कुमार (झालू), कमलेश घूइयार, प्रिंस चौधरी, सौवीर सिंह ग्राम प्रधान (धर्मपुरा), विरेंद्र सिंह (गोपालपुर), समरपाल सिंह (मौजीपुर),मोहित काकरान (पंचायत सचिव), पुलिस प्रशासन हल्दौर (थाना प्रभारी) कृष्ण अवतार, सुरेंद्र सिंह, झालू चौकी इंचार्ज सहित पूरी टीम का पूर्ण सहयोग रहा।

# चेयरमैन और ईओ ने शिवभक्त कांवड़ियों को फल वितरित किये

**स्योहारा ( चिंगारी )। हरिद्वार से गंगाजल लेकर आ रहे कावड़ियों को स्योहारा नगर पालिका परिषद के ईओ और चेयरमैन ने फुव्वारा चौक पर फल वितरित किये।** शनिवार को ईओ विजेंद्र सिंह पाल और चेयरमैन फैसल वारसी के नेतृत्व में फुव्वारा चौक पर हरिद्वार से कांवड़ लेकर आ रहे कावड़ियों को फल वितरित किये गए। इस मौके पर ईओ विजेंद्र सिंह पाल ने बताया कि अपने मन की शांति को लेकर हरिद्वार से गंगाजल लेकर आना वाले शिव भक्तों को फल वितरित किए। चेयरमैन फैसल वारसी ने कहा कि आपसी भाईचारा और अपने क्षेत्र की प्यारे की मिठास को हमेशा बने रखने की परंपरा को ध्यान में रखते हुए सभी कार्यक्रमों में पालिका परिषद अपना सहयोग करती हैं और आगे भी करती रहेगी। इस मौके पर सभासद नईम कुरैशी, प्रधान लिपिक देवेंद्र सिंह, मोहम्मद शान, पंकज कुमार, अमित कुमार आदि मौजूद रहे।



# झारखण्ड शिव मंदिर पर रात्रि 12 बजे से जलाभिषेक के लिये कतार लगी

**चांदपुर चिंगारी ( चिंगारी )।** नगर व क्षेत्र में महाशिवरात्रि पर्व श्रद्धा एवं हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम स्याऊ स्थित प्राचीन बाबा झारखंड शिव मंदिर पर श्रृद्धालुओं द्वारा रात्रि में 12बजकर 5मिनट से जलाभिषेक किया जाना शुरू कर दिया था। जलाभिषेक करने के लिये मंदिर पर श्रृद्धालुओं की लम्बी कतार लगी रही। आज मंदिर पर विशाल मेले का भी आयोजन किया गया। दूसरी ओर कल शाम शिवसेवक मंडल स्याऊ के तत्वावधान में बैंड-बाजे व मनमोहक झांकियों के साथ भव्य शिव शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का गांव में स्थान स्थान पर श्रृद्धालुओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। देवी मंदिर से शुरू हुई शोभायात्रा का शुभारंभ आभा फाउंडेशन की संस्थापिका श्रीमति आभा सिंह द्वारा शोभायात्रा में शामिल पात्रों को तिलक कर किया। शोभायात्रा गांव के मुख्य मार्गों से होते हुए बाबा झारखंड शिव मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई। शोभायात्रा में हवन कुंड के



साथ बैंड व मनमोहक झांकियां शामिल थीं। शोभायात्रा में शिवसेवक मण्डल के युवा अध्यक्ष आशीष कुमार, संरक्षक के बी सिह रविन्द्र सिंह पंछी, मा. कैलाश चन्द्र ,संजय सिंह, शकर सिह,दीपक शर्मा, सुनील शर्मा दीपक कुमार रिंकूं राजपूत, सुधीर कुमार साजन कृतपाल सिंह, नितिन, सचिन, राहुल, राजेन्द्र सिंह, अक्षय राजपूत, अमित कुमार, आयुष राजपूत, हर्षित, गर्वित, मोहित कुमार, आशीष कुमार व मीडिया प्रभारी अशोक कुमार शर्मा व समस्त ग्राम वासियों का सहयोग विशेष रहा।

# शिवरात्रि पर मंदिरों में जलाभिषेक को उमड़ा शिवभक्तों का रेला, लगा मेला

**धामपुर ( चिंगारी )।** महाशिवरात्रि का पर्व धामपुर तथा आसपास के ग्रामों में धूमधाम से मनाया गया। आज प्रातः 5 बजे से ही शिवभक्तों और श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पहुंच कर भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग पर जलाभिषेक करके पूजा-अर्चना की। नगर के मोहल्ला खातियान स्थित पंचायती बड़ा शिव मंदिर में पुजारी पंडित नवदीप वशिष्ठ तथा सनातन धर्म सभा शिव मंदिर पंजाबी कॉलोनी के पुजारी अश्वनी शर्मा, श्री राम मंदिर के पुजारी सुमित अवस्थी के द्वारा अनुष्ठान कराया गया। इस अवसर पर मंदिर के बाहर मेलों का आयोजन भी किया गया जिसमें सजाई गई चाट पकौड़ी खेल खिलौने सौंदर्य प्रसाधन आदि दुकानों पर श्रद्धालुओं ने जमकर खरीदारी भी की। इन मंदिरों के साथ ही नगर के अन्य विभिन्न मंदिरों, कॉलोनियों के मंदिरों में भी श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में पहुंचकर जलाभिषेक किया। इससे पूर्व बीती रात 12 बजे से कांवरतियों के द्वारा शिवलिंग पर जल अभिषेक किया गया। कल शाम 8 बजे कालागढ़ मार्ग स्थित शिव मंदिर सैनी धर्मशाला से प्राचीन महाशिवरात्रि शिव बारात निकाली गई, जिसमें नंदी बाबा पर सवार भगवान भोलेनाथ की झांकी के साथ उनके गण का स्वरूप धारण किया युवक भजनों पर नृत्य कर रहे थे। शिव बारात नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई रात 12 बजे मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह तथा अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला के निर्देश पर सफाई कर्मियों द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाकर मंदिरों के बाहर चूने का छिड़काव कराया गया। पुलिस प्रशासन की ओर से पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडेय तथा कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह के निर्देशन में सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से मंदिरों के बाहर पुरुष एवं महिला पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था। इससे पूर्व शनिवार की रात्रि मोहल्ला पहाड़ी दरवाजा स्थित शिव मंदिर सैनी धर्मशाला से शिव बारात निकाली गई जिसका अनेक स्थानों पर पुष्प वर्षा आदि से स्वागत भी किया निर्धारित मार्गो की परिक्रमा के बाद यह शिव बारात वापस मंदिर पर ही पहुंचकर संपन्न हुई।



पंचायती बड़ा शिव मंदिर में जलाभिषेक कराते हुए पुजारी।

# शिवजी की मूर्ति को लेकर सैदपुरा गांव में हंगामा

## ग्रामीणों ने धर्म परिवर्तन व गांव से पलायन करने की चेतावनी दी



भैंसा-बुग्गी पर रखी शिवजी की मूर्ति।

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )। देर रात्रि क्षेत्र के ग्राम सैदपुरा-नाईपुरा में पड़ोसी की शिकायत पर पुलिस द्वारा गांव में स्थित चामुंडा देवी मंदिर से शिवजी की मूर्ति हटाए जाने से ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा है कि जल्द ही मंदिर में मूर्ति स्थापित नहीं की गई तो वह धर्म परिवर्तन व गांव से पलायन करने को मजबूर होंगे। सुरक्षा की दृष्टि से गांव में पुलिस बल मौजूद है।**

हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम सैदपुरा-नाईपुरा में शनिवार की देर रात्रि राकेश पाल ने पुलिस की डायल 112 पर सूचना दी कि कुछ ग्रामीणों द्वारा गांव में स्थित चामुंडा देवी मंदिर पर नई परंपरा निकलते हुए मूर्ति की स्थापना की जा रही है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी को भी नई परंपरा न करने का हवाला देते हुए मूर्ति को वहां से हटाकर दूसरी जगह रखवा दिया। मूर्ति हटाने की सूचना गांव में जंगल की आग की तरह फैल गई। घटना से ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों ने घंटों हंगामा काटा। मौके पर पहुंचे चांदपुर क्षेत्राधिकारी देशदीपक ने ग्रामीणों से वार्ता कर उन्हें शांत किया। ग्रामीणों ने पुलिस पर एक पक्षीय कार्रवाई का आरोप लगाते हुए बताया कि चामुंडा मंदिर 40 वर्ष पुराना है। राकेश द्वारा बेवजह ही पुलिस में झूठी शिकायत की गई है। मंदिर कुछ क्षतिग्रस्त हो गया था, उसी की रिपेयरिंग कराने के चलते शिवजी की मूर्ति को बाहर निकला गया था, वह कोई नई परंपरा नहीं शुरू कर रहे हैं। मूर्ति पहले से ही मंदिर में विराजमान थी। पुलिस द्वारा रात के अंधेरे में झूठी सूचना पर पुलिस ने एक पक्ष कार्रवाई करते हुए शिवजी की मूर्ति को मंदिर से हटाकर कर बुग्गी पर रखकर दूसरी जगह खड़ा कर दिया है। तेजपाल, सुरेश, नरपाल, संजय पाल, जगराम, वीरेंद्र सिंह, ज्योति, भागेश देवी, मंजू, तारो देवी, गुड्डी, विमलेश, सविता का कहना है कि घटना से वह उच्च अधिकारियों को अवगत कराएंगे, फिर भी उनकी मांग



आक्रोशित ग्रामीणों को शांत करते हुए पुलिस अधिकारी

नहीं मानी गई तो गांव में बाल्मीकि व पाल समाज के 40 परिवार हैं, अगर जल्द ही शिवजी की मूर्ति मंदिर में नहीं रखी जाती है तो वह ऐसी दशा में धर्म परिवर्तन तथा गांव से पलायन करने को मजबूर होंगे।

घटना में शिकायतकर्ता पक्ष राकेश व उनकी पत्नी ओमबती का कहना है कि पहले से चामुंडा देवी मंदिर में शिवजी की मूर्ति स्थापित नहीं थी, शनिवार की शाम ही कुछ ग्रामीणों द्वारा मूर्ति को मंदिर में स्थापित करने का प्रयास किया गया जिसकी सूचना उन्होंने पुलिस को दी थी। **थाना प्रभारी निरीक्षक जय भगवान सिंह ने बताया कि चामुंडा देवी मंदिर पर लोगों द्वारा सामूहिक रूप से पूजा अर्चना की जाती है। वहां पहले से मूर्ति स्थापित नहीं थी। कुछ ग्रामीणों द्वारा मूर्ति रखने का प्रयास किया गया था। ग्रामीणों द्वारा ही मूर्ति को वहां से हटाया गया है। नई परंपरा की इजाजत किसी को नहीं दी जाएगी।**

# भारत और पाकिस्तान के बीच आज हाई वोल्टेज मैच

## बारिश ने खलल नहीं डाला तो रोमांचक भिड़ंत देखने को मिलेगी

**कोलंबो ( एजेंसी/चिंगारी )**। आज शाम को यहां आर प्रेमदासा स्टेडियम में होने वाले भारत-पाकिस्तान क्रिकेट हाई वोल्टेज मैच के दौरान अगर बारिश ने खेल खराब नहीं किया तो प्रशंसकों को बेहद रोमांचक भिड़ंत देखने को मिल सकती है। आईसीसी विश्वकप में भारत का पाकिस्तान पर हमेशा से पलड़ा भारी रहा है। पाकिस्तान को आईसीसी विश्व कप में पहली और आखिरी जीत 2021 टी20 विश्व कप में मिली थी। हालांकि, इसके बाद से तस्वीर बदलती गई। अब पाकिस्तान के सामने सिर्फ मैच जीतने की चुनौती नहीं, बल्कि रफ्तार रोकने का मिशन है। आधुनिक टी20 में भावनाओं से ज्यादा गणित चलता है। किस गेंदबाज के सामने कौन बल्लेबाज फंसता है, किसकी स्ट्राइक रेट गिरती है, कौन पावरप्ले में हावी रहता है, यही लड़ाइयां अंत में स्कोरबोर्ड और मैच का नतीजा तय करती हैं।

# कोलंबो में सुरक्षा चाक-चौबंद

## परिंदा भी नहीं मार सकेगा पर



भारत और पाकिस्तान के बीच आज टी 20 विश्व कप 2026 का महामुकाबला कोलंबो में खेला जाएगा। इस मैच के लिए श्रीलंका की राजधानी में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, कड़े पहरे के बीच परिंदा भी पर नहीं मार सकेगा।

### विशेष ट्रैफिक और सुरक्षा व्यवस्था लागू

कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में होने वाले इस हाई-वोल्टेज मुकाबले को लेकर श्रीलंका पुलिस ने विशेष ट्रैफिक और सुरक्षा व्यवस्था लागू करने की घोषणा की है। पुलिस प्रवक्ता एफ. टी. वूटलर ने शनिवार को बताया कि मैच के आयोजन को देखते हुए किसी भी तरह की चूक की गुंजाइश नहीं छोड़ी जाएगी।



# बिजनौर में हज ट्रेनिंग व टीकाकरण कैंप आयोजित

**बिजनौर (चिंगारी)।** हज कमेटी द्वारा हज ट्रेनिंग एवं टीकाकरण कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें हज पर जाने वाले 328 हज यात्रियों को हज के अरकान (रीति-रिवाज) विस्तार से बताए गए तथा उनका आवश्यक टीकाकरण भी किया गया।



## 328 हज यात्रियों को दी गई जानकारी

चांदपुर रोड स्थित एक बैंकट हॉल में हज कैंप में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे हज कमेटी सदस्य हाफिज ऐजाज उर्फ शाहीन अंसारी का हज कैंप मुख्य संयोजक एवं भाजपा युवा नेता आकिब युनुस एडवोकेट ने शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। अपने संबोधन में हाफिज ऐजाज ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने हमारे समाज के दानिश आजाद अंसारी को हज राज्य मंत्री बनाकर कौम को तरक्की का रास्ता दिखाया है। वहीं मुख्य संयोजक आकिब युनुस एडवोकेट ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा उत्तर प्रदेश हज कमेटी की सराहना करते हुए कहा कि इस बार हज यात्रा पर जाने वाले सभी यात्रियों की सुरक्षा और सुविधाओं का पूरा ध्यान भारत सरकार द्वारा रखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि हज राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने हज यात्रा से पूर्व हाजियों की सुख-सुविधाओं के मद्देनजर सऊदी अरब का दौरा भी किया है, ताकि व्यवस्थाएं और बेहतर बनाई जा सकें। कैंप में हज ट्रेनर अय्यूब अहमद ने उपस्थित यात्रियों को हज की प्रक्रिया एवं आवश्यक दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर बिलाल चौधरी, आसिफ चांद, अहमद खिजर, हाजी ताहिर, शहर काजी माजिद अली, जाकिर हुसैन, एसके बबली एडवोकेट, यशपाल सिंह एडवोकेट, विशाल एडवोकेट, अनुज मलिक सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# जीएसटी चोरी गैंग के दो आरोपी गिरफ्तार

## क्राइम ब्रांच व पुलिस टीम ने की संयुक्त कार्रवाही

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** शनिवार को क्राइम ब्रांच ने थाना रेहड़ व कोतवाली अफजलगढ़ पुलिस के साथ मिलकर जीएसटी चोरी गैंग के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बीते दिसम्बर माह में राज्य कर अधिकारी खंड धामपुर अरुण सिंह यादव ने थाना रेहड़ में वेसला ट्रेडर्स की स्वामी वेसला परवीन पत्नी सगीर अहमद निवासी रेहड़ के विरुद्ध जीएसटी चोरी व हेराफेरी का मुकदमा दर्ज कराया था। इस केस में जांच के दौरान प्रकाश में आये नई बस्ती, जसपुर (उत्तराखंड) निवासी अबरार उर्फ नब्बू को क्राइम ब्रांच एवं रेहड़ पुलिस ने रेहड़ स्थित फूड प्लाजा के पास से गिरफ्तार किया है। उधर दूसरी ओर असिस्टेंट कमिश्नर चांदपुर (जीएसटी) आशुतोष कुमार सिंह ने दिसंबर 2025 में ही अफजलगढ़ कोतवाली में एआर ट्रेडर्स के खिलाफ जीएसटी चोरी आदि का मामला दर्ज कराया था। शनिवार को भी क्राइम ब्रांच ने अफजलगढ़ पुलिस के साथ मिलकर इस केस में संलिप्त अभियुक्त वसीम पुत्र मुन्तियाज हुसैन निवासी ग्राम लक्ष्मीपुर खेड़ा जसपुर (उत्तराखंड) को कासमपुर गढ़ी स्थित एचसीएम इंटर कॉलेज के निकट नहर के पास से अरेस्ट कर उसे बड़ी हवेली रवाना किया है।



# विद्या मंदिर में मनाया गया मातृ-पितृ दिवस




जगत शर्मा को सम्मानित करते उपप्रबंधक पंकज चौहान व प्रधानाचार्य नवनीत कुमार

**चांदपुर (चिंगारी)।** सरस्वती विद्या मन्दिर चांदपुर में मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता महेशचन्द शर्मा प्रांत शैक्षिक प्रमुख, मेरठ प्रान्त विद्या भारती, विशिष्ट अतिथि उपेन्द्र कुमार शर्मा संभाग निरीक्षक, मुरादाबाद संभाग विद्या भारती आदि द्वारा मां सरस्वती, माता जीजाबाई, रानी लक्ष्मीबाई और पुलवामा अटैक में शहीद हुए जवानों के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन कर किया। मुख्य वक्ता महेशचन्द शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्या भारती पूरे भारतवर्ष में अपने लक्ष्य के अनुरूप कार्य कर रही है। वह ऐसे बालकों का सर्वांगीण विकास कर रही है, जो हिन्दुत्वनिष्ठ और राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत हैं। ऐसे कार्यक्रम विद्यालय में करने से माता-पिता व गुरुजनों के प्रति भाव जागृत होते हैं। कार्यक्रम अध्यक्ष जगत शर्मा ने कहा कि बालक के अन्दर संस्कृति की जाग्रति पैदा करने का कार्य चान्दपुर नगर में केवल सरस्वती विद्या मन्दिर स्कूल ही कर रहा है। जगत शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में उपेन्द्र कुमार शर्मा संभाग निरीक्षक मुरादाबाद संभाग विद्या भारती, प्रधानाचार्य नवनीत कुमार, पं. मनीषनाथ राजपूत, उपप्रबंधक पंकज चौहान एडवोकेट, जितेन्द्र शर्मा, अजय कौशिक सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन वंशिका अग्रवाल ने किया।



# पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि दी

**चांदपुर (चिंगारी)।** पूर्व सैनिकों व अन्य लोगों ने पुलवामा हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि दी। कल शाम बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक व अन्य लोग यहां बिजनौर रोड पर थाने के पास स्थित सरदार भगत सिंह स्मारक स्थल पर इकट्ठा हुए तथा पुलवामा हमले में शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर पूर्व सैनिक मुनेश कुमार, रणजीत सिंह, रोहित कुमार, शशि शर्मा, गुलफाम अहमद, नरेश कुमार शर्मा, कृष्ण वीर शर्मा, मनिंदर पाल सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल, वीरेंद्र राजपूत, दिनेश त्यागी, आशु गोयल, नरेश कुमार, अमर सिंह सैनी, दिलीप सिंह सैनी आदि मौजूद रहे।

# त्यौहारों पर मांग रहती है भरपूर फल आम आदमी से हुये दूर

**नांगल सोती (चिंगारी)।** कांवड़ यात्रा एवं महाशिवरात्रि के चलते फलों के दाम आम आदमी की पहुंच से दूर हैं। उधर शीघ्र ही रमजान का महीना शुरू होने वाला है, जिससे फलों के दाम और ऊपर चढ़ने का अनुमान है। अधिक महंगाई के कारण गांवों में लगने वाली ठेलियों पर कई प्रकार के फल बेचे ही नहीं जा रहे हैं। उधर फल विक्रेताओं नसीम, भूपेन्द्र, कलवा, बहाल, दिलशाद आदि का कहना है कि महंगाई के कारण फलों की बिक्री प्रभावित हो रही है और जब फलों के दाम आम आदमी की पहुंच में होते हैं, बिक्री तभी ज्यादा होती है।

## वर्तमान में फलों के दाम

| | | | |
|---|---|---|---|
| अंगूर (हरा) | - 170- 180 रु. | केला | - 60 रु. |
| अंगूर (काला) | - 240 रु. | पपीता | - 50 रु. |
| सेब | - 120- 140 रु. | अमरूद | - 80 रु. |
| अनार | - 100 रु. | खरबूजा | - 80 रु. |
| अनानास (रानी) | - 100 रु. | तरबूज | - 50 रु. |
| चीकू | - 80 रु. | | |
| किन्नू | - 60 रु. | | |
| संतरा | - 70- 80 रु. | | |

नोट - केले के दाम प्रति दर्जन तथा अन्य फलों के दाम प्रति किग्रा. हैं।

# दो कारों की भिड़ंत में अबोध बालिका सहित सात लोग घायल

## वन-वे व्यवस्था के कारण हर रोज हो रहे हादसे



हादसे के बाद मौके पर घायलों के पास मौजूद रेहड़ पुलिस।

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** कांवड़ यात्रा के चलते मार्ग वन-वे होने के कारण सड़कें हर रोज खून से लाल हो रही हैं। शनिवार की शाम भी दो कारों की आमने-सामने की भीषण टक्कर में एक अबोध बालिका सहित सात लोग घायल हो गए। यह हादसा रेहड़ बस स्टैंड के पास हुआ, जहां उत्तराखंड के इंदिरा नगर, हल्द्वानी निवासी हम्माद व रामपुर निवासी राजीव गुप्ता की कारें आमने-सामने से भिड़ गईं। हम्माद अपने परिजनों को साथ लेकर सहारनपुर से हल्द्वानी जा रहा था, जबकि राजीव गुप्ता रामपुर से धामपुर की ओर आ रहा था। इस हादसे में कार चालक हम्माद सहित उसकी कार में सवार शमीम, जीशान, सबा, माहिरा व 4 माह की राइम एवं दूसरी कार का चालक राजीव गुप्ता घायल हो गये। तुरंत ही रेहड़ पुलिस वहां पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। थाना रेहड़ के प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार वर्मा ने बताया कि इस हादसे की बाबत कोई तहरीर नहीं आई। यदि तहरीर आती है तो आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

चिंगारी
के लिये नहटौर में समाचार और विज्ञापन के लिये संपर्क करें।
मोहित शर्मा
संवाददाता, मोबाइल नम्बर-
9012967455

# संविलियन विद्यालय में हुआ नामांकन मेले का आयोजन


विद्यालय में संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं।

**नूरपुर ( चिंगारी )।** क्षेत्र के गांव बलदाना शफीपुर के संविलियन विद्यालय समिति ने बैठक एवं नामांकन मेले का संयुक्त रूप से आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र के समकक्ष दीप प्रज्वलित कर व जिला पंचायत सदस्य मुकेश कुमार शालूजा ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालय और अभिभावकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना तथा अधिक से अधिक बच्चों का विद्यालय में नामांकन सुनिश्चित करना है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक नेमीशरण शालूजा ने विद्यालय के शैक्षिक वातावरण, छात्र उपस्थिति, साफ-सफाई, मध्याह्न भोजन, शैक्षिक गुणवत्ता, आधार मूलभूत सुविधाओं तथा नामांकन वृद्धि जैसे विषयों पर अपने विचार रखे। उन्होंने बताया कि विद्यालय में छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें, गणवेश, मध्याहन भोजन, डिजिटल शिक्षा की सुविधा उपलब्ध है। कार्यक्रम में बच्चों ने संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये, जिसमें राजस्थानी, गढ़वाली व अपने परिवेश की प्रस्तुति मुख्य रही। इस अवसर पर ग्राम प्रधान पुत्र गुलफाम चौधरी, भूपेन्द्र सिंह, अंजली राणा, राजिदा परवीन, पूजा यादव, मनोज कुमारी, रीता भारती व शिवकुमार आदि मौजूद रहे।



# शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़

**नूरपुर ( चिंगारी )।** रविवार को शिव भक्तों की भगवान भोलेनाथ पर जलाभिषेक करने के लिए मंदिरों में भीड़ उमड़ पड़ी, बोल बम के जयकारों से नगर का माहौल शिवमय हो गया। सुबह से ही मंदिरों के बाहर लंबी-लंबी कतारों में बच्चे, महिला, बुजुर्ग श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ पर जलाभिषेक कर परिवार के लिए मंगल कामनाएं कीं। नगर के प्राचीन शिव मंदिर, बड़ा शिव मंदिर, शिव, दुर्गा मंदिर, काली मंदिर के साथ देहात क्षेत्रों में स्थित शिवालयों में शिव भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। शिवरात्रि पर भक्तों ने कांवड़ में हरिद्वार से जलभर भगवान शिव को जलाभिषेक कराया। शिव पर्व पर मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया, अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। रामायण पाठ के समापन समारोह पर मंदिर परिसर में विशाल भंडारे में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ कमाया। सुरक्षा की दृष्टि से मंदिरों पर पुलिस मौजूद रही।

# जीजा-साले की बाइक ट्रैक्टर की हैरो से टकराई, साले के गम्भीर चोट आई

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** कल शाम बाइक से गंगाजल लेने हरिद्वार जा रहे जीजा-साले की बाइक ट्रैक्टर के पीछे जुड़ी हैरो से टकरा गई। सिर के बल सड़क पर गिरने से साला गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे मेरठ मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। संजय (40 वर्ष) पुत्र प्यारेलाल निवासी ग्राम मुबारकपुर खादर थाना हीमपुर दीपा अपने जीजा सोनू (24 वर्ष) पुत्र बाबूराम निवासी ग्राम तखतपुर थाना चांदपुर के साथ हरिद्वार से गंगाजल लेने के लिये बाइक से जा रहे थे। कल शाम लगभग 5 बजे जब उनकी बाइक नांगल-चंदक मार्ग पर ग्राम सौफतपुर के सामने पहुंची, तो सड़क क्रॉस कर रहे ट्रैक्टर के पीछे जुड़ी हैरो से उनकी टक्टर हो गई। टक्कर के कारण जीजा-साले बाइक सहित नीचे गिर गये। सड़क पर सिर के बल गिरने से संजय गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल से रैफर किये जाने पर मेरठ मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। वहां उसकी हालत सीरियस बताई जाती है, जबकि सोनू को भी चोटें आई हैं, मगर उसकी हालत ठीक है। संजय के चाचा गोपीचंद ने ट्रैक्टर चालक अवधेश निवासी ग्राम सौफतपुर थाना नांगल के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर ट्रैक्टर चालक अवधेश को हिरासत में ले लिया गया है। ट्रैक्टर को भी कब्जे में लिया गया है।

# शादी समारोह में आये व्यक्ति की हार्ट अटैक से मौत

**स्योहारा ( चिंगारी )।** रामकुमार कुक सीएचसी स्योहारा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि डिम्पल पुत्र सीताराम निवासी ग्राम बालकिशनपुर थाना शेरकोट को तबीयत खराब होने पर राजेन्द्र सिंह पुत्र छोटे सिंह, ग्राम प्रधान गोविन्दपुर, थाना स्योहारा, सीएचसी पर अचेत अवस्था में लाया गया था, जहां चिकित्सकों ने डिम्पल को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर स्थानीय पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच की गई। जांच में पता चला कि मृतक डिम्पल कुमार पुत्र सीताराम शुक्रवार की सायं अपनी पत्नी सीमा के साथ ग्राम गोविन्दपुर थाना स्योहारा में अपने मौसेरे भाई बलजीत की पुत्री के विवाह समारोह में आया हुआ था। उसे सीएचसी स्योहारा लाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु मोर्चरी भिजवा दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण हार्टअटैक होना आया है।

# नहीं रहे चौधरी इकबाल सिंह


फाइल फोटो

**नूरपुर ( चिंगारी )।** कस्बे के मोहल्ला चौधरियान निवासी सहकारी समिति के पूर्व चेयरमैन चौधरी रणवीर सिंह के पिता चौधरी इकबाल सिंह का ( 95 ) वर्ष की उम्र में लम्बी बीमारी के बाद आज सुबह करीब सात बजे निधन हो गया। परिजनों के अनुसार सुबह उनकी अचानक तबीयत बिगड़ गई थी। उन्हें निजी चिकित्सक के यहां ले गए, जहां उन्होंने आख़री सांस ली। चौधरी इकबाल सिंह लंबे समय तक राजनीतिक व सामाजिक कार्यों से जुड़े रहे। वह करीब दस वर्षों तक रामलीला कमेटी के प्रबन्धक पद पर रहे। उनके निधन की ख़बर सुनकर नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. महेन्द्र प्रताप सिंह, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष निशान्त कर्णवाल, रालोद नेता चौधरी अजयवीर सिंह एडवोकेट, व्यापारी नेता तसलीम अहमद इदरीसी, सरदार रविन्द्र सिंह, मुकुल गुप्ता आदि ने उनके आवास पर पहुंचकर परिवार को ढांढस बंधाया।

# वन विभाग ने पिंजरा नहीं लगाया गुलदार ने बछड़े को निवाला बनाया

**चांदपुर ( चिंगारी )।** क्षेत्र के लगभग सभी गांवों के जंगलों में गुलदार की ख़बरें आयेदिन सामने आती रहती हैं। ग्राम पीपलसाना में गुलदार ने एक बछड़े को अपना निवाला बना लिया। ग्रामीणों ने वन विभाग के प्रति रोष जताते हुए कहा कि बार-बार मांग करने पर भी गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा नहीं लगाया जा रहा है। गांव के जंगल में गुलदार दिखाई देने से किसान अकेले अपने खेत पर जाते हुए घबरा रहे हैं। बीती रात गुलदार ने गांव के नजदीक पूर्व प्रधान भूपेन्द्र सिंह की दुकान के पीछे खेत में बछड़े को अपना निवाला बना लिया। ग्रामीणों के अनुसार 15 दिन पूर्व भी गांव के नजदीक हरि सिंह के खेत में एक साथ तीन गुलदार देखे गये थे, लेकिन उसके बाद भी वन विभाग ने पिंजरा नहीं लगाया। ग्रामीणों मुनेश कुमार, पूर्व प्रधान भूपेन्द्र सिंह, धर्मेन्द्र तोमर, जागेश सिंह, नरेन्द्र सिंह, दीपेन्द्र सिंह, भारत भूषण, बलराम सिंह, बाली व रमेश कुमार ने वन विभाग के अधिकारियों के प्रति रोष जताते हुए जंगल में पिंजरा लगाये जाने की मांग की। मालूम हो कि तीन पूर्व गुलदार ने धनौरा रोड पर एक कांवरती पर हमला करने का प्रयास किया था।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# आदमपुर में रासेयो शिविर का शुभारंभ



शिविर का शुभारम्भ करते हुये प्राचार्या : प्रो. प्रीति खन्ना

**बिजनौर ( चिंगारी )।** वर्धमान कॉलेज बिजनौर की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम एवं द्वितीय इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर-यूथ फॉर स्किल डेवलपमेंट (कौशल विकास हेतु) युवा का भव्य शुभारंभ प्राथमिक विद्यालय, रसूलपुर पिरथी (आदमपुर) में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में वर्धमान कॉलेज की प्राचार्या प्रो. प्रीति खन्ना एवं मुख्य वक्ता के रूप में हिंदी विभाग की विभागाध्यक्षा एवं वर्धमान शिक्षक संघ की अध्यक्षा प्रो. शशिप्रभा, एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मेघना अरोड़ा एवं डॉ. बबीता चौधरी ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर और पुष्प अर्पित कर शिविर का शुभारंभ किया। स्वयंसेविका शिल्पी और काजल लाहौरी द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। डॉ. मेघना अरोड़ा ने स्वागत भाषण दिया। प्रो. शशिप्रभा ने राष्ट्र निर्माण में एनएसएस की भूमिका पर अपना वक्तव्य दिया। राष्ट्र के प्रति समर्पित रहने को प्रेरित किया। इसके उपरांत प्राचार्या प्रो. प्रीति खन्ना ने शिविर के द्वारा निःस्वार्थ सेवा भावना की इच्छा जागृत कर समाज को विकसित बनाने के महत्व को बताया। प्रो. वंदना जैन ने सभी स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित किया। डा. बबीता चौधरी ने सभी अथितियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन इल्मा शरीफ एवं श्रुति खन्ना ने किया। शिविर के दूसरे सत्र में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मेघना अरोड़ा ने माय भारत पोर्टल के लिए युवा एवं डिजिटल साक्षरता हेतु युवा के अंतर्गत माय भारत पोर्टल के बारे में जानकारी प्रदान की।

# हजारों कांवरती जलाभिषेक करने आये नगीनावासियों ने पलक-पांवड़े बिछाये

**नगीना ( चिंगारी )।** महाशिवरात्रि पर्व के मौके पर नगर के प्राचीन बड़ा मंदिर श्री मुक्तेश्वरनाथ में हजारों की संख्या में जलाभिषेक करने पहुंचे शिव भक्तों के स्वागत में नगरवासियों ने पलक पांवड़े बिछा दिये। नगर में शिव भक्तों के स्वागत के लिए हर दस कदम पर स्वागत शिविर लगाए गए।

महाशिवरात्रि के मौके पर शनिवार की मध्य रात्रि 12 बजे नगर के प्राचीन बड़ा मंदिर श्री मुक्तेश्वरनाथ में पंडित डॉ. विपिनचंद्र त्रिपाठी ने बड़ा मंदिर कमेटी के अध्यक्ष साहू सलिल अग्रवाल, प्रबंधक मुकेश अग्रवाल, बर्फानी सेवा समिति के अध्यक्ष सीतांशु अग्रवाल, विधायक मनोज पारस, साहू कपिल अग्रवाल आदि की मौजूदगी में विधि विधान से पूजा-अर्चना के साथ जलाभिषेक का कार्य प्रारंभ कराया गया। जलाभिषेक का कार्य रविवार के दोपहर 12 बजे तक चलता रहा। इससे पूर्व नगर में पहुंचे हजारों की संख्या में शिव भक्तों की सेवा के लिए जगह-जगह स्वागत शिविर लगाए गए। सुयश कॉम्प्लेक्स के बाहर लगाए गए स्वागत शिविर में साहू संतोष कुमार अग्रवाल, साहू सुयश अग्रवाल, साहू अनुभव अग्रवाल, सुनील कुमार एडवोकेट, पंडित सचिन शर्मा, अविरल मित्तल, गौरव शर्मा, नरेंद्र सचदेवा आदि ने पूरी रात शिव भक्तों की सेवा की। शिविर में शिव भक्तों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी। उधर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सभी चिकित्सकों व कर्मचारियों ने बड़ा शिविर लगाकर शिव भक्तों की सेवा की। इस मौके पर चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर विशाल दिवाकर, डॉक्टर आशीष अहलावत, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान, अनमोल आदि सेवा में लगे रहे। उधर नगर पालिका प्रशासन द्वारा बड़े मंदिर गेट पर शिव भक्तों के लिए गर्म दूध व दवाइयों की व्यवस्था की गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉक्टर अंजनी कुमार चतुर्वेदी भी पुलिस बल के साथ शनिवार को पूरे दिन क्षेत्र में कांवड़ियों के मार्गों का निरीक्षण करते रहे।



**सुयश कॉम्प्लेक्स के बाहर लगाए गए स्वागत शिविर में शिव भक्तों की सेवा करते साहू संतोष कुमार अग्रवाल,साहू सुयश अग्रवाल व साहू अनुभव अग्रवाल।**

## शिवभक्तों के लिये स्वागत शिविर लगाया



**नगीना ( चिंगारी )।** भारतीय सनातन संघ के कार्यकर्ताओं ने महाशिवरात्रि के अवसर पर नगीना पहुंचे शिवभक्तों के लिए स्वागत शिविर लगाकर उनकी खूब सेवा की। सुनहरी मस्जिद के सामने लगाए गए स्वागत शिविर में शिव भक्तों को गर्म दूध पिलाया गया। इस मौके पर भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष कुंवर कृष्ण बलदेव सिंह, समाजसेवी राजमणि कुदेशिया, भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष शिव शंकर सक्सेना, हर्ष बिश्नोई, अनुज वर्मा, लव ठाकुर, अभिषेक भटनागर आदि मौजूद रहे।

## जोगीपुरा दरगाह के मौलाना सैयद शबाब नकवी नये प्रशासक नियुक्त

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** मौलाना सैयद कल्बे जवाद की सरपरस्पी में उत्तर प्रदेश शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के चेयरमैन अली जैदी ने अहम फैसला लेते हुए विश्व प्रसिद्ध मौलाना सैयद शबाब नकवी को दरगाह ए आलिया नजफ ए हिन्द जोगीपुरा का प्रशासक नियुक्त किया है। इस नियुक्ति की खबर मिलते ही मौलाना सैयद शबाब नकवी के चाहने वालों में खुशी की लहर दौड़ गई। मौलाना सैयद शबाब नकवी के दरगाह का प्रशासक नियुक्त होने पर अकीदतमंदों, उलेमा-ए-किराम व सामाजिक संगठनों ने इसे दूर कदम बताते हुए उत्तर प्रदेश शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के चेयरमैन अली जैदी के फैसले की सराहना की है।

## वाहन खाई में गिरने से नजीबाबाद का युवक लापता

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नजीबाबाद से सब्जी लेकर उत्तराखंड के कर्णप्रयाग जा रहे वाहन के गहरी खाई में गिरने से लापता हुए दो युवकों में से अयान पुत्र गुलसराज निवासी ग्राम राहूखेड़ी नजीबाबाद का है। इस घटना के बाद उक्त युवक का भी कुछ पता न चलने से उसके परिवार में चिंता व्याप्त है।

## स्कूल में मनाया गया ब्लैक डे

**स्योहारा ( चिंगारी )।** शनिवार को इकरा पब्लिक स्कूल प्रार्थना सभा में 14 फरवरी को शहीदों की स्मृति में ब्लैक डे के रूप में मनाया गया। संरक्षक अहमद अली, प्रधानाचार्य डॉ.सादिया, समस्त स्टाफ एवं बच्चों द्वारा पुष्प अर्पित कर मौन धारण किया। प्रधानाचार्य ने भी शहीदों को याद करते हुए उन्हें सलाम किया। यह अवसर हमें उनके त्याग और देश के प्रति समर्पण को सम्मान देने और एकता व जिम्मेदारी के मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा देता है।शहीदों को विनम्र श्रद्धांजलि देते हुए संरक्षक अहमद अली ने कहा है हम लोग तभी शांति और सकून के साथ सोते हैं, जब हमारे देश के जवान सरहदों पर जागते हुए हमारी सीमाओं की सुरक्षा करते हैं। इसलिए हम लोगों का दायित्व बनता है कि हम अपने शहीदों को याद करते रहें। इस मौके पर अंजुम परवीन, सदफ खान आदि मौजूद रहे।



खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans


सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476



ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER
इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA) आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।
आज ही अपना स्कूटर RIZTA घर ले जायें।
फाइनेंस सुविधा उपलब्ध
*कम से कम बिना डाउन पेमेंट पर
*बिना कागजात
*मात्र 15 मिनट में फाइनेंस उपलब्ध है।
*कम कागजी कार्रवाई
आर्मी मैन व पुलिसकर्मियों के लिये 5,000/- रुपये की आकर्षक छूट
अब एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर की सर्विस सेंटर आपके धुव्रिका मोटर्स पर उपलब्ध है।

एथर इलैक्ट्रिक असली इलैक्ट्रिक
एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर शोरूम के लिये आवश्यकता है।
सेल्स एग्जीक्यूटिव
Male & Female
मैकेनिक Male
Experiance Minimum 1 Years
( समय - 11:00 बजे से 1:00 बजे तक )
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# कांवरियों पर कंकड़ मारने पर हिन्दू संगठनों ने किया कोतवाली का घेराव

## सोशल मीडिया पर वीडियो हुई वायरल, लोगो में फूटा गुस्सा

**जसपुर ( चिंगारी )।** क्षेत्र से शांतिपूर्वक निकल रही कांवर यात्रा के दौरान तब हंगामा हो गया जब छत पर खड़े एक किशोर ने कांवरियों को कंकड़ मार दिया। घटना को लेकर गुस्साए कई संगठनों ने कोतवाली का घेराव कर आरोपी एवं उसके सहयोगियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस द्वारा कार्रवाई के आश्वासन पर संगठन के लोग वापस हुये। मामले में पुलिस ने एक अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शुक्रवार को नगर से होकर गुजर रही शिव भक्तों की कांवर यात्रा पर बारी चौक के पास एक दुकान की छत पर खड़े एक 9- 10 वर्षीय किशोर ने कंकर मार दिये। घटना की वीडियो किसी ने रिकॉर्ड कर ली, जिसे शनिवार को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो देखने के बाद भाजपा, विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता कोतवाली पहुंच गये। उन्होंने वहां पर हंगामा काटा तथा आरोपी एवं उसके सहयोगियों की गिरफ्तारी की मांग की। सूचना पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक काशीपुर स्वप्न किशोर के समझाने एवं आश्वासन देने के बाद संगठन के लोग मान गये। वहीं विश्व हिंदू परिषद के राहुल चौहान की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। अपर पुलिस अधीक्षक स्वप्न किशोर ने बताया कि घटना की विवेचना की जा रही है। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा। यहां खड्क सिंह चौहान, राजकुमार चौहान, शीतल जोशी, नीलकमल शर्मा, डॉ. सुदेश आदि रहे।


कोतवाल से वार्ता करते लोग।

## शिशु मंदिर में धूमधाम से मनाया गया शिवरात्रि पर्व

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** जानकीनगर स्थित हेमनदास सरस्वती शिशु मंदिर में महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानाचार्य प्रदीप नौटियाल ने किया। शिक्षक योगेश नेगी के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने शिव, पार्वती, गणेश की वेशभूषा में वाद्य यंत्रों के साथ नगर में पथ संचलन किया। शिक्षक मनोज जोशी ने प्रोजेक्टर के माध्यम ये महाशिवरात्रि पर्व मनाने के कारण को बताया। शिक्षक अंचल कुमार अग्रवाल ने कहा कि इस दिन शिव-पार्वती का विवाह हुआ था। इस मौके पर गीता रावत, सुनीता पंत, श्रेया चौधरी, दीक्षा, कीर्ति द्विवेदी, पूजा चतुर्वेदी, हेमा पांडे आदि मौजूद रहे।

## 16.05 लाख से बनी पेयजल योजना ग्राम जौरासी मल्ली को सौंपी

### गांव के 36 परिवारों को होगी नियमित जलापूर्ति

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** विकासखंड दुगड्डा के अंतर्गत जौरासी पेयजल योजना को ग्राम जौरासी मल्ली के सुपुर्द किया गया। जल संस्थान की ओर से जल जीवन मिशन के तहत करीब 16.05 लाख की लागत से बनी इस योजना से गांव के 36 परिवारों को नियमित पेयजल आपूर्ति हो सकेगी।

जल अर्पण दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सिंचाई सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष ऋषि कंडवाल ने केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने प्रधानमंत्री के 2047 तक विकसित भारत के महासंकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने का आह्वान किया। उत्तराखंड जल संस्थान के अधीक्षण अभियंता प्रवीन कुमार सैनी के निर्देशन में सहायक अभियंता देवकी नंदन जोशी, अवर सहायक अभियंता शूरवीर चौहान, किरण कुमार, कनिष्ठ अभियंता शांति नंदा बिष्ट ने ग्राम जौरासी मल्ली को विधिवत रूप से योजना हस्तगत की। इस दौरान जौरासी पेयजल योजना के दीर्घकालीन संरक्षण, संवर्द्धन के लिए मोटिवेशनल स्लोगन का प्रस्तुतीकरण किया। जल संस्थान की ओर से कार्यक्रम में उपस्थित समस्त छात्र-छात्राओं को स्टेशनरी और पुरस्कार प्रदान किये गये। गांव के मूल निवासी एवं बालासौड़ कोटद्वार निवासी मुकेश डबराल ने तीनों विद्यालयों के सभी 26 छात्र-छात्राओं को ट्रेक सूट वितरित किये। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान चंडी प्रसाद कुकरेती समेत कई लोग मौजूद रहे।

## शिवालयों पर सुबह से ही लगने लगी थी भक्तों की कतार

### चारों ओर गूंज रही शिव की जय-जयकार

**जसपुर ( चिंगारी )।** क्षेत्र में शिवरात्रि का पावन पर्व अत्यंत उत्साह, श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया। पर्व के मौके पर शिवालयों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह के प्रतीक इस पर्व पर भक्तों ने मंदिरों में शिवलिंग का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की। आज सुबह से ही मंदिरों में 'ओम नम: शिवाय' और 'हर हर महादेव' के मंत्रोच्चारण गूंजते रहे। नगर के ठाकुर मंदिर स्थित रामेश्वर महादेव के


जलाभिषेक करते श्रद्धालु।

पहले शिवरात्रि पर्व के मौके पर भक्तों की लंबी कतारें लग गईं, घंटों तक लोग अपनी बारी का इंतज़ार करते नजर आये। मंदिर कारसेवकों ने श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्थाएं बनाई। वहीं बड़ा शिव मंदिर, धर्मशाला मंदिर, काली माता मंदिर, आदि मंदिरों पर भी शिव भक्तों ने जलाभिषेक किया। भक्तों ने शिवलिंग पर जल, दूध, दही, शहद और घी से अभिषेक किया। इसके बाद धतूरा, बेलपत्र, भांग और फूल अर्पित कर विशेष पूजा-अर्चना की। श्रद्धालु नंगे पैर ही मंदिरों तक पहुंचे और शिवलिंग पर जल चढ़ाया। यहां बाबा भगवत दास, मुकुल, नीरज, सरवन, गुरजीत, सौरभ, नितिन आदि उपस्थित रहे।

## अधिवक्ता का लैपटॉप एवं दो युवकों के गुम हुये मोबाइल ढूंढ कर वापिस किये

### अधिवक्ता ने यातायात एसआई को सम्मानित किया

**जसपुर ( चिंगारी )।** कांवर मेला में ड्यूटीरत एक ट्रैफिक उपनिरीक्षक ने तत्परता और ईमानदारी का परिचय देते हुए एक अधिवक्ता का गुम हुआ लैपटॉप और दो अन्य युवकों के गुम हुए मोबाइल बरामद कर उन्हें उनके मालिकों को सौंप दिये। भूतपुरी रोड निवासी अधिवक्ता प्रमोद कुमार रोहेला तहसील परिसर से अपना काम निपटा कर कार से वापिस घर की ओर आ रहे थे। इस दौरान उनका पचास हजार कीमत का लैपटॉप रास्ते में कहीं गिर गया। घर पहुंचने के बाद लैपटॉप गुम होने की जानकारी होने पर उन्होंने परिजनों संग उसकी तलाश की तथा परिचितों को इसकी जानकारी दी। इसी दौरान ठाकुरद्वारा चुंगी के पास कांवर मेला ड्यूटी में लगे ट्रैफिक उपनिरीक्षक मनोज सिंह कार्की को उनका रास्ते में पड़ा हुआ लैपटॉप मिल गया। जानकारी करते हुए जब अधिवक्ता के परिजन चुंगी के पास पहुंचे तो उपनिरीक्षक ने उन्हें उनका लैपटॉप सौंप दिया। लैपटॉप पाकर खुश हुए अधिवक्ता ने उपनिरीक्षक कार्की को सम्मानित कर आभार व्यक्त किया। वहीं एक युवक का मोबाइल भी ठाकुरद्वारा चुंगी के पास ही गिर गया था जिसे मनोज कार्की ने उसके मालिक को जरूरी पूछताछ कर सौंप दिया तथा दूसरे युवक का मोबाइल बस में रखा रह गया था। सूचना पर उपनिरीक्षक मनोज कार्की ने बस का पीछा कर यूपी के थाना रेहड़ के पास बस को रोक कर युवक का मोबाइल बरामद कर मालिक को सौंपा। घटनाओं की जानकारी होने पर कोतवाल राजेन्द्र सिंह डांगी ने ट्रैफिक उपनिरीक्षक मनोज सिंह कार्की की प्रशंसा की।


अधिवक्ता के परिजनों को लैपटॉप देते उपनिरीक्षक कार्की।

## सुप्रीम कोर्ट का निर्णय प्रारंभिक जीत, अभी संघर्ष बाकी : डंडरियाल एडवोकेट

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उत्तराखंड क्रांति दल की एक बैठक में लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग को लेकर जनप्रतिनिधियों समेत सभी से कोर्ट का ऑर्डर आने तक किसी भी प्रकार की बयानबाजी न करने की मांग की गई।

शिब्बूनगर स्थित कार्यालय में दल के केंद्रीय संगठन मंत्री व सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता रोहित डंडरियाल ने कहा कि लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग को लेकर गौरव बंसल की याचिका के बाद सुप्रीम कोर्ट से मार्ग निर्माण पर लगी रोक हट गई है। कोर्ट के निर्णय की कॉपी मिलने के बाद उसका विस्तृत अध्ययन किया जाएगा। इसके बाद ही तय होगा कि ऑर्डर को चैलेंज करना है अथवा नहीं। कहा कि यह प्रारंभिक जीत है और अभी संघर्ष बाकी है। एडवोकेट डंडरियाल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान उन्होंने कोटद्वार के लोगों का पक्ष कोर्ट के समक्ष दृढ़ता से रखा। कोर्ट को अवगत कराया गया कि यह रोड ब्रिटिश शासनकाल की है और इस मार्ग पर कभी भी मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटना नहीं हुई। कोर्ट में अभी तक उत्तराखंड के लोगों के प्रति गलत भावना को प्रस्तुत किया गया था। उन्होंने कहा कि रामनगर-कोटद्वार (कंडी मार्ग) पर बस संचालन को लेकर पीसी जोशी के हस्तक्षेप प्रार्थनापत्र पर सुनवाई जारी है और उम्मीद है कि जल्द ही इस मामले में भी फैसला जनता के पक्ष में आएगा। सत्ता पक्ष द्वारा इसका श्रेय लेने पर कहा गया कि पिछले छह सालों में सरकार व स्थानीय जनप्रतिनिधि ने कोर्ट में कोई पैरवी नहीं की।


इस मौके पर वरिष्ठ नेता डॉ. शक्तिशैल कपरवाण, महेंद्र सिंह रावत, प्रवेश नवानी, मुकेश बड़थ्वाल आदि मौजूद रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**




तुम जियो हजारों साल-साल के
दिन हो पचास हजार
नजीबाबाद के विधायक
हाजी तसलीम अहमद
को जन्मदिन की दिली मुबारकबाद
मुनव्वर अली- संस्थापक सदस्य
समाजवादी पार्टी, नजीबाबाद




श्रद्धांजलि एवं शोक सभा
हमारी प्रिय प्रेरणास्त्रोत
स्व. श्रीमती कमला देवी
( 1929-08.02.2026 )
अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड रहा है कि हमारी पूजनीय माताजी श्रीमति कमला देवी जी का स्वर्गवास रविवार दिनांक 08.02.2026 को हो गया है।
श्रद्धांजलि एंव शोक सभा, दिनांक 16 फरवरी 2026
हवन प्रातः 8:30 बजे - निवास स्थान पताः महेन्द्र सिंह,
क्षितिज भवन ( निकट बिजनौर पब्लिक स्कूल, सिटी ब्रांच )
ब्रह्म भोज - 12:00 मध्यान्ह
श्रद्धांजलि एवं शोक सभा - 2:00 अपराह्न
बिजनौर पब्लिक स्कूल
( मुख्य शाखा ) नजीबाबाद रोड, बिजनौर
-: शोकाकुल परिवार :-
महेन्द्र सिंह, सुशीला सिंह- ( पुत्र-पुत्रवधू )
विरेन्द्र सिंह, कमलेश- ( पुत्र-पुत्रवधू )
राकेश चौधरी, सुमन चौधरी- ( पुत्र-पुत्रवधू )
मुकेश कुमार, बह्मवती- ( पुत्र-पुत्रवधू )
स्व. श्री दिनेश कुमार, कुसुम- ( पुत्र-पुत्रवधू )
बीना, स्व. श्री अशोक पोरस- ( पुत्री-दामाद )
विनोद, अनिल कुमार- ( पुत्री-दामाद )
एंव समस्त पौत्र-पौत्रवधू और परिवार के अन्य सभी सदस्य





सभी नगरवासियों, ग्राहकों,
शुभचिंतकों को
महा शिवरात्रि
के पावन पर्व एवं फाल्गुनी मस्ती व उमंग के त्यौहार
होली की हार्दिक शुभकामनाएं
सैनी ज्वैलर्स
प्रो. नितिन कुमार सैनी
सुपुत्र स्व. कृष्ण कुमार सैनी ( आलू वाले )
फल चौराहा, निकट मंदिर ठाकुरद्वारा
पुरानी सब्जी मण्डी, धामपुर
हमारे यहां सोने व चांदी के जेवर ऑर्डर पर तैयार किये जाते हैं
एक बार सेवा का मौका अवश्य प्रदान करें।


## राईन बिरादरी ने शादियों में फिजूलखर्ची पर लगाई पाबंदी



राईन बिरादरी की बैठक में मौजूद जिम्मेदार लोग।

## बारात में ना डीजे बजेगा, ना होगी आतिशबाजी

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला रम्पुरा में राईन बिरादरी की एक बैठक बिरादरी के बारातघर में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता पूर्व जज मोहम्मद आदिल एवं संचालन हाजी साबिर ने किया। बैठक में मुख्य रूप से बिरादरी की समस्याओं पर चर्चा की गई तथा समस्याओं का समाधान करने का निर्णय लिया गया। साथ ही बैठक में बिरादरी की शादियों में फिजूल खर्चियों पर रोक लगाते हुए गैर जरूरी कार्य बारात में आतिशबाजी व डीजे पर पूरी तरह से पाबंदी लगा दी गई है। इसके अलावा बारात में अधिक से अधिक 150 लोगों को ले जाने, निशानी, मेहंदी, जूता चुराई आदि रस्मों में कम से कम खर्च करने, बारात 2 बजे तक लड़की के घर ले जाने, मस्जिद में निकाह कराने, सलामी में दूल्हा के साथ केवल एक व्यक्ति के आने आदि के महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बिरादरी के सभी लोगों से इन पर अमल करने की बात कही गई। इस मौके पर बिरादरी के सदर अब्दुल वाहिद राईन, खुर्शीद आलम एडवोकेट, सभासद मोहम्मद अच्छन राईन, फिरोज अहमद, मोहम्मद यूनुस, इसरार अहमद, हाजी महबूब, इजहार हसन, खुर्शीद अहमद किरतपुर, अशरफ अली, वकील अहमद, अय्यूब अहमद, महबूब अहमद जलालाबाद, मौहम्मद सादिक, मौहम्मद शाहिद साहनपुर, मौहम्मद साबिर चंदनपुर, रशीद अहमद चुक्खापुर, मोहम्मद यूनुस अलीपुरा, मौहम्मद अब्बास, मौहम्मद अजहर रम्मनवाला, फारूक अहमद पूरनपुर, पूर्व प्रधान मौहम्मद खादिम ग्राम गढ़ी आदि मौजूद रहे।


TATA MOTORS COMMERCIAL VEHICLES | Better Always
JOB VACANCY
• स्पेयर पार्ट मैनेजर -1
(4-5 yrs experience required, Location: Bijnor)
• मैकेनिक - ट्रक / बस -6
(Trained in Diesel/Petrol/CNG, Location: Bijnor)
• सेल्स एग्जीक्यूटिव -3
(Location: Najibabad, Nagina, Dhampur)
• टेलीकॉलर सेल्स (Female) -1
(2-3 yrs experience required, Location: Bijnor)

Apply at - hr.cnsmotors@gmail.com /or/ Contact HR Manager on 7055501562
CNS Motors Pvt. Ltd. (Auth. Tata Motors Commercial Vehicle Dealer)
NH-119, Kiratpur Road, Near Village Pedda, Bijnor, Ph: 7055501016, 8476001007






महा शिवरात्रि
के पावन पर्व
एवं फाल्गुनी मस्ती व उमंग के त्यौहार होली
की सभी शिव भक्तों, देशवासियों, नगर
वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. अमित कुमार गिरि महाराज जी
स्वामित्व महंत
प्राचीन सिद्ध पीठ श्री बालाजी मंदिर
मुख्य बाजार, धामपुर



Hero
आवश्यकता है
जे.पी. ऑटोमोबाइल्स
( हीरो मोटो कॉर्प शोरूम )
Hero
हल्दौर को सर्विस सुपरवाइजर की आवश्यकता है। हीरो की सभी गाड़ियों पर फाइनेंस की सुविधा न्यूनतम ब्याज दर पर उपलब्ध है।
सम्पर्क करें- मो. 9359796698,
9528850309, 9634549679